दैनिक
क्यूँ न लिखूँ सच
प्रातः कालीन
मुरादाबाद से प्रकाशित
बर्षः- 06
अंकः- 164
मुरादाबाद
(Sunday)
04 October 2026
पृष्ठः-8
मूल्यः- 3.00 रूपया
भारत सरकार से रजिस्टर्ड
RNI No.UPBIL/2021/83001
राष्ट्रीय हिंदी अंग्रेजी समाचार पत्र
प्रसारित क्षेत्र-बरेली, पीलीभीत, बदायूं, कासगंज, एटा, अलीगढ, संभल, श्रावस्ती, अलीगढ और उत्तराखंड

4.60 लाख छात्रों को बांटे 148 करोड़, योगी बोले- मंत्रियों को समय पर स्कॉलशिप नहीं मिली, इसलिए नेता बने

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 4.60 लाख से अधिक विद्यार्थियों को 148 करोड़ रुपये से ज्यादा की छात्रवृत्ति और शुल्क प्रतिपूर्ति वितरित की। उन्होंने ओम प्रकाश राजभर को लेकर कहा कि समय पर छात्रवृत्ति मिलती तो वे पढ़-लिखकर आगे बढ़ते। सरकार ने पात्र छात्रों को हर महीने समय पर भुगतान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को छात्रवृत्ति वितरण कार्यक्रम के दौरान कैबिनेट मंत्री ओम प्रकाश राजभर को लेकर चुटकी ली। उन्होंने कहा कि अगर राजभर को समय पर छात्रवृत्ति मिल जाती तो वह भी पढ़-लिखकर होनहार बनते और शायद नेता नहीं बनते। योगी ने कहा कि उस समय की सरकार ने छात्रवृत्ति नहीं दी, इसलिए राजभर पढ़ नहीं पाए।

उन्होंने मेहनत और संघर्ष किया, जनता की आवाज बनकर लड़ते रहे और बाद में मंत्री बने। मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि राजभर ने थ्री व्हीलर और टैक्सी भी चलाई है।

इससे पहले मुख्यमंत्री ने लोक भवन में 4.60 लाख से अधिक विद्यार्थियों के बैंक खातों में 148 करोड़ रुपये से ज्यादा की छात्रवृत्ति और शुल्क प्रतिपूर्ति की राशि का अंतरण किया। इस चरण में ओबीसी के 2,23,615 विद्यार्थियों को 60.01 करोड़, अनुसूचित जाति के 1,59,959 विद्यार्थियों को 64.54 करोड़, सामान्य वर्ग के 38,084 विद्यार्थियों को 11.43 करोड़ और अल्पसंख्यक वर्ग के 38,901 विद्यार्थियों को 12.06 करोड़ रुपये दिए जा रहे हैं।नौ साल में चार करोड़ से ज्यादा बच्चों को छात्रवृत्ति- योगी ने कहा कि पिछले साल 69 लाख विद्यार्थियों को 6200 करोड़ रुपये की छात्रवृत्ति दी गई। उनके मुताबिक, पिछले नौ वर्षों में चार करोड़ से अधिक बच्चों को छात्रवृत्ति का लाभ दिया गया है। उन्होंने मंत्री संजीव कुमार गोंड, असीम अरुण, दानिश आजाद और नरेंद्र कश्यप का उदाहरण देते हुए कहा कि ईमानदारी से प्रयास करने पर परिणाम भी मिलता है। 2017 से पहले की व्यवस्था पर सवाल- मुख्यमंत्री ने आरोप लगाया कि 2017 से पहले अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति के छात्रों की छात्रवृत्ति समय पर नहीं भेजी जाती थी। उन्होंने कहा कि उनके संज्ञान में मामला आने के बाद दो वर्षों की छात्रवृत्ति एक साथ दी गई। योगी ने कहा कि सरकार की नीयत साफ हो तो छात्रों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराई जा सकती हैं।हर महीने समय पर पहुंचे छात्रवृत्ति- मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि कोई पात्र बच्चा छात्रवृत्ति से वंचित न रहे। उन्होंने कहा कि अप्रैल से जुलाई के बीच प्रवेश प्रक्रिया पूरी होने के बाद पात्र विद्यार्थियों के खातों में छात्रवृत्ति भेजने की व्यवस्था की गई है। समाज कल्याण, पिछड़ा वर्ग कल्याण और अल्पसंख्यक कल्याण विभाग को हर महीने भुगतान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। योगी ने बताया कि एससी-एसटी छात्रों की जानकारी की समीक्षा में करीब चार लाख बच्चों का डाटा फीड नहीं मिला था। इसके बाद उनके लिए पोर्टल शुरू कराया गया। सरकार के मुताबिक, छात्रवृत्ति वितरण की प्रक्रिया को ऑटोमेशन से जोड़ा गया है, जिससे भुगतान व्यवस्था को अधिक पारदर्शी और समयबद्ध बनाने का प्रयास किया गया है।

प्रदेश अध्यक्ष पद से हटने के बाद अजय का पहला बयान, बोले- मुझे इतनी बड़ी जिम्मेदारी देने का अभारी रहूंगा

उत्तर प्रदेश कांग्रेस में बड़ा संगठनात्मक बदलाव हुआ है। आराधना मिश्रा को प्रदेश अध्यक्ष बनाया गया है। अजय राय ने नई जिम्मेदारी देने के लिए पार्टी नेतृत्व का आभार जताया और नवनियुक्त पदाधिकारियों को शुभकामनाएं दीं। इमरान मसूद को कार्यकारी अध्यक्ष की जिम्मेदारी मिली है। आगामी चुनाव को लेकर संगठन मजबूत करने की तैयारी है। उत्तर प्रदेश में 2027 विधानसभा चुनाव से पहले कांग्रेस ने प्रदेश संगठन में बड़ा बदलाव किया है। पार्टी ने प्रतापगढ़ की रामपुर खास सीट से विधायक आराधना मिश्रा 'मोना' को उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी का नया अध्यक्ष नियुक्त किया है। उन्होंने अजय राय की जगह ली है। इसके बाद अजय राय ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट कर पार्टी के नए पदाधिकारियों को शुभकामनाएं दीं और कहा कि लड़ाई अभी जारी है। अजय राय ने अपनी पोस्ट में कांग्रेस के शीर्ष नेतृत्व का आभार जताते हुए कहा कि उनके जैसे सामान्य

कार्यकर्ता को प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष की जिम्मेदारी देने के लिए वह राहुल गांधी और पार्टी नेतृत्व के जीवनभर आभारी रहेंगे। उन्होंने नए प्रदेश अध्यक्ष समेत सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों को शुभकामनाएं दीं। पोस्ट के अंत में उन्होंने लिखा, 卐हम लड़ेंगे, हम जीतेंगे! हर-हर महादेव!इमरान मसूद को कार्यकारी अध्यक्ष की जिम्मेदारी- संगठन में हुए बदलाव के तहत सहारनपुर से लोकसभा सांसद इमरान मसूद को यूपी कांग्रेस का कार्यकारी अध्यक्ष बनाया गया है। देवेंद्र निषाद और आलोक प्रसाद को वरिष्ठ उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया है। वहीं चौधरी वीरेंद्र सिंह को उत्तर प्रदेश विधानसभा में कांग्रेस विधायक दल का नया नेता बनाया गया है। सभी नियुक्तियां तत्काल प्रभाव से लागू की गई हैं।आराधना मिश्रा 'मोना' प्रतापगढ़ की रामपुर खास विधानसभा सीट से लगातार तीन बार की विधायक हैं। वह वरिष्ठ कांग्रेस नेता प्रमोद तिवारी की बेटी हैं और इससे पहले उत्तर प्रदेश विधानसभा में कांग्रेस विधायक दल की नेता की जिम्मेदारी संभाल चुकी हैं। अब उन्हें प्रदेश संगठन की कमान सौंपी गई है।

संक्षिप्त समाचार

भारत को 20वां स्वर्ण, अमन सहरावत ने कुश्ती में जीता गोल्ड; पदकों की संख्या हुई 82

एशियन गेम्स के आखिरी दौर में भारत के लिए तीन अक्तूबर का दिन बेहद अहम है। क्रिकेट में पाकिस्तान के खिलाफ गोल्ड मेडल मैच भारत ने जीत लिया है। हॉकी में मलयेशिया से मुकाबला है और कुश्ती में और पदक की उम्मीदें हैंपुरुषों की कुश्ती में भारत को एक और स्वर्ण आया है। पुरुषों के 57 किग्रा भारवर्ग कुश्ती में अमन सहरावत ने स्वर्ण जीता है। उन्होंने नॉर्थ कोरिया के पहलवान चॉन्ग सॉन्ग हान को 11-7 से हराया है। यह भारत का 82वां पदक है। वहीं, 20वां गोल्ड है। कुश्ती में भारत का यह दूसरा स्वर्ण है। इससे पहले सुजीत कलकल ने स्वर्ण जीता था।अमन ने दूसरे पीरियड तक 4-1 की बढ़त बना ली थी। उनकी टक्कर नॉर्थ कोरिया के चॉन्ग सॉन्ग हान से है। अमन सहरावत एची-नागोया में पुरुष 57 किग्रा फ्रीस्टाइल कुश्ती के फाइनल में उत्तर कोरिया के हान चोंग सोंग से भिड़ने के लिए तैयार हैं। ओलंपिक कांस्य पदक विजेता अमन ने ताजिकिस्तान के ऐआल बेलोल्युब्स्की को 14-8 से हराकर फाइनल में जगह बनाई। इससे पहले उन्होंने जापान के यामातो ओगावा को 20-0 और कजाखस्तान के नूरदानत ऐतानोव को 12-1 से हराया था।पुरुष 57 किग्रा स्वर्ण पदक मुकाबला मुकाबला- चोंग सोंग हान (उत्तर कोरिया) से पुरुष 74 किग्रा कांस्य पदक मुकाबला मुकाबला- कैपानोव नूरकोझा (कजाखस्तान) से पुरुष 97 किग्रा कांस्य पदक मुकाबला मुकाबला- गनबातार गंखुयाग

संघर्ष जोड़ो, भारत जोड़ोः राहुल गांधी ने लॉन्च किया 'सत्याग्रह' पोर्टल, देशभर के आंदोलनों को जोड़ने की पहल

राहुल गांधी ने देशभर में चल रहे आंदोलनों और विरोध प्रदर्शनों को एक मंच पर लाने के लिए सत्याग्रह डिजिटल प्लेटफॉर्म लॉन्च किया है। लोग इस पर अपने संघर्ष की कहानी दर्ज कर सकेंगे। यह प्लेटफॉर्म कैसे काम करेगा?लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने शनिवार को 'सत्याग्रह' नाम का डिजिटल प्लेटफॉर्म लॉन्च किया।

इस प्लेटफॉर्म का उद्देश्य देशभर में चल रहे अलग-अलग विरोध प्रदर्शनों और आंदोलनों की जानकारी को एक जगह जुटाना और समान मुद्दों पर संघर्ष कर रहे लोगों को जोड़ना है।

राहुल गांधी ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर वीडियो पोस्ट कर लोगों से अन्याय के खिलाफ अपने संघर्ष की कहानी साझा करने की अपील की। उन्होंने बताया कि प्रदर्शनकारी अपने मुद्दे की जानकारी प्लेटफॉर्म पर दर्ज कर सकते हैं। इसके अलावा इंटरैक्टिव मैप के जरिए देश के अलग-अलग हिस्सों में समान मुद्दों पर चल रहे आंदोलनों को भी देखा जा सकता है।आपकी कहानी नक्शे पर दिखाई देगी- राहुल गांधी ने कहा कि देशभर में कई लोग अपने अधिकारों के लिए संघर्ष कर रहे हैं और कई बार उन्हें अकेले अपनी आवाज उठानी पड़ती है। उन्होंने छात्रों, किसानों, आदिवासियों, दलितों और महिलाओं से जुड़े आंदोलनों का जिक्र किया।उन्होंने कहा कि अकेले उठने वाली आवाज दब सकती है।

ऐसे में %सत्याग्रह% पहल के जरिए इन आवाजों को एक नक्शे पर लाने की कोशिश की गई है। उन्होंने लोगों से अपील की कि अगर वे किसी अन्याय के खिलाफ संघर्ष कर रहे हैं तो अपनी कहानी साझा करें। राहुल गांधी के मुताबिक, कहानी साझा करने में करीब दो मिनट लगेंगे। इसके बाद वह कहानी प्लेटफॉर्म के मैप पर दिखाई देगी और लोग यह भी देख सकेंगे कि देश के दूसरे हिस्सों में कौन लोग इसी तरह के मुद्दों को लेकर संघर्ष कर रहे हैं।

संसद और सड़क पर साथ देने की बात- राहुल गांधी ने कहा कि नेता प्रतिपक्ष के तौर पर वह जरूरत के मुताबिक इन मुद्दों को संसद में उठाने, सड़कों पर लोगों के साथ खड़े होने और पत्र लिखने की कोशिश करेंगे।

उन्होंने कहा कि जहां भी उनकी जरूरत होगी, वह लोगों के साथ खड़े होने का प्रयास करेंगे। राहुल गांधी ने इसे नेता प्रतिपक्ष के तौर पर अपनी जिम्मेदारी बताया।एक वीडियो संदेश में राहुल गांधी ने कहा कि देश के अलग-अलग हिस्सों में कई मुद्दों को लेकर विरोध प्रदर्शन हो रहे हैं। इनमें छात्रों, महिलाओं, किसानों और महंगाई से जुड़े मुद्दे शामिल हैं। उन्होंने कहा कि अलग-अलग जगहों पर चल रहे इन प्रदर्शनों की जानकारी को एक जगह लाने के उद्देश्य से सत्याग्रह वेबसाइट शुरू की गई है। राहुल गांधी ने लोगों से कहा कि उनका प्रदर्शन बड़ा हो या छोटा, वे वेबसाइट पर उसकी जानकारी दर्ज कर सकते हैं। इसके लिए अपना नाम, समूह का नाम और प्रदर्शन किस मुद्दे को लेकर है, इसकी जानकारी देने को कहा गया है। उन्होंने कहा कि यदि किसी आंदोलन या प्रदर्शन को उनकी मदद की जरूरत होगी या लोग उनसे समर्थन मांगेंगे, तो वह सहयोग करने की कोशिश करेंगे। महात्मा गांधी की विचारधारा का किया जिक्र- राहुल गांधी ने सत्याग्रह पहल का जिक्र करते हुए महात्मा गांधी की विचारधारा को भी सामने रखा। उन्होंने कहा कि सत्य एक बड़ी ताकत है और सत्य के साथ एकजुट होकर खड़ा होना उससे भी बड़ी ताकत हो सकती है।

सपा ने बदले दो एमएलसी प्रत्याशी, आगरा से डॉ. आकाश अग्रवाल और गोरखपुर-फैजाबाद से संजयन त्रिपाठी

समाजवादी पार्टी ने उत्तर प्रदेश विधान परिषद चुनाव के लिए दो सीटों पर अपने प्रत्याशी बदल दिए हैं। आगरा खंड स्नातक से डॉ. आकाश अग्रवाल और गोरखपुर-फैजाबाद खंड शिक्षक से डॉ. संजयन त्रिपाठी को उम्मीदवार बनाया गया है। पहले घोषित प्रत्याशियों की जगह नए नाम सामने आए हैं। 11 सीटों पर मतदान होगा।

समाजवादी पार्टी ने उत्तर प्रदेश विधान परिषद चुनाव को लेकर अपने दो प्रत्याशियों में बदलाव किया है। पार्टी ने आगरा खंड स्नातक सीट से डॉ. आकाश अग्रवाल और गोरखपुर-फैजाबाद खंड शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र से डॉ. संजयन त्रिपाठी को प्रत्याशी बनाया है।

इस बदलाव के बाद दोनों सीटों पर सपा के उम्मीदवार बदल गए हैं। इससे पहले सपा ने आगरा खंड स्नातक सीट से शशांक यादव और गोरखपुर-फैजाबाद खंड शिक्षक सीट से कमलेश यादव को प्रत्याशी घोषित किया था। गोरखपुर-फैजाबाद सीट पर संजयन त्रिपाठी के नाम को लेकर राजनीतिक गतिविधियां तेज हैं।वह इससे पहले भाजपा से टिकट के दावेदार थे। भाजपा ने इस सीट से मौजूदा एमएलसी ध्रुव कुमार त्रिपाठी को प्रत्याशी बनाया है। टिकट नहीं मिलने के बाद संजयन त्रिपाठी ने निर्दलीय चुनाव लड़ने का ऐलान किया था और 2 अक्टूबर को नामांकन भी दाखिल किया। उत्तर प्रदेश विधान परिषद की 11 सीटों के लिए 23 अक्टूबर को मतदान और 27 अक्टूबर को मतगणना होनी है। भाजपा ने समाज के हर तबके को अपमानित किया अखिलेश यादव ने कहा कि 2024 में समाजवादी पार्टी इंडिया गठबंधन ने भाजपा को हराया है। इस बार पीडीए की ताकत के सामने भाजपा कहीं नहीं टिक पायेगी। समाजवादी पार्टी के पीडीए में प्रेम, दया, अपनापन है। समाजवादी पार्टी हर दुखी, पीड़ित, अपमानित के साथ खड़ी है। भाजपा ने समाज के हर तबके को अपमानित किया। शोषण किया है और धोखा दिया है। अखिलेश यादव ने कहा कि नई पीढ़ी और जेन-जी के पास नौकरी, रोजगार नहीं है। बेरोजगारी बढ़ती जा रही है। नई पीढ़ी भाजपा से नाराज है। उत्तर प्रदेश में भाजपा का सफाया होना तय है। उन्होंने कहा कि भाजपा कभी भी समाजवादी पार्टी के विकास कार्यों का मुकाबला नहीं कर सकती है।

संपादकीय Editorial

Minister slaps man

Is this democracy or a rule of hooligans? Can a minister publicly slap a young man in public, amidst a climate of public grievances? Can any political worker dare to abuse the minister or his family in front of him? Delhi Government's Public Works Minister, Pravesh Verma, slapped a young man in a fit of rage. This is a cognizable and punishable offense, but after widespread political pressure, the police have filed a complaint, but it is a "non-cognizable offense report" (NCR), a mere formality. The police have also filed an FIR against Jarnail Singh, the Aam Aadmi Party (AAP) MLA who exposed corruption in road construction to the minister. The minister has accused the MLA of demanding a commission of 50 lakh rupees and has asked the department's engineer to file a police complaint of corruption. The allegation is obstruction of government work. Whether this is an FIR or not is unclear. Minister Pravesh Verma's explanation is that when the engineer and contractor flatly refused to pay a bribe, the AAP MLA uprooted the road to prove that the construction and quality of roads in the national capital, Delhi, is "poor." Minister! You are lying. Monsoon rains in the capital Delhi expose everything. Not only is the quality of the roads "poor," but there are also deep, open potholes, proving to be "wells of death." And then, when MLA Jarnail Singh uprooted sections of road with his own hands and presented them before the minister, why weren't the concerned officials and contractor summoned? Why wasn't the engineer immediately suspended? The MLA had exposed the dark, ugly truth. Is the Delhi government also protecting such contractors? In any case, a young man, an associate of the MLA, filmed a video of the "uprooted road" and was slapped! Is this the new culture and politics of the new India, the new BJP? In fact, this is precisely the nature and behavior of Pravesh Verma.

When he went to inspect the pollution of the Yamuna's water and white foam, he severely reprimanded a senior official in front of everyone. This was worse misconduct than a slap. Furthermore, in Punjab, the BJP is uploading fake videos of Chief Minister Bhagwant Singh Mann being slapped on social media. Can such behavior be considered "democratic"? When the semi-state of Delhi gave its mandate against Kejriwal's AAP for the Assembly elections, there were certain expectations, hopes, and aspirations. By and large, the public, or any citizen, was not given the mandate to slap. They cannot be forced to do so. In the current context, whether the MLA demanded a bribe or not, and whether the young AAP worker abused the minister's family, are all matters of investigation. If the Delhi Police conducts a neutral and serious investigation, the "dark truth" will surely emerge. However, we don't believe the police will investigate the minister, as the Delhi Police is directly under the Union Home Ministry. Why would Home Minister Amit Shah take action against a minister from his own party's government? The Union Home Minister is not so discerning! The question also arises: if MLA Jarnail Singh demanded a commission from the engineer and contractor, why wasn't a case filed against him under corruption charges earlier? Why didn't the minister issue orders to the officials? Why didn't Chief Minister Rekha Gupta request the Delhi Police Commissioner? Is this the BJP's politics? Leader of the Opposition Rahul Gandhi seems to be right in this context: this is a face of power that has no fear of voters. If you question the government, you'll continue to be slapped. The opposition is mobilizing on this issue and is in the mood to launch protests. No leader has the right to slap another person. In this case, limits have been crossed. Concrete action must be taken.

The largest hole in the ozone layer in 20 years, how much impact will it have on the weather? When will it be repaired?

Despite the Montreal Protocol banning ozone-depleting chemicals, the ozone hole over Antarctica expanded to more than 27 million square kilometers in 2026. Scientists had already seen signs of a strengthening polar vortex and changes in atmospheric conditions in May. Despite the Montreal Protocol banning ozone-depleting chemicals, this year the ozone layer has seen its largest hole in 20 years. Scientists had already seen signs of this in May. It is estimated that this time the hole may last from October to November.

Area Exceeds 27 Million Square Kilometers - Holes in the atmospheric ozone layer form and then heal, but in September of this year, the ozone hole over Antarctica expanded to more than 27 million square kilometers. This is the second largest hole ever recorded for this season. Signs of its severity were already visible in May. At that time, changes in atmospheric circulation were visible. Extremely cold temperatures over the poles and a strong polar vortex created favorable conditions for the rapid and widespread growth of the ozone hole. The Montreal Protocol is still in effect.

The Montreal Protocol, implemented worldwide to protect the ozone layer, is still in effect. Under this international agreement, the use of ozone-depleting substances is being phased out. Since its peak around 2000, the level of such substances in the stratosphere has decreased by about a third. While the ozone hole's area this year may have been larger, its depth is not as great as in previous large holes. This means that overall ozone loss has decreased. Why did the hole expand so quickly?This year, the ozone hole began expanding earlier than usual in August, when stratospheric temperatures were also lower. The hole expanded rapidly in early September, reaching 27.4 million square kilometers. Such an area had only been recorded twice before. In 2000, the ozone hole briefly exceeded 28 million square kilometers, while in October 2015, it reached 27.9 million square kilometers.

How does it form? - The ozone hole forms in early spring within the stratospheric polar vortex. This is a large belt of strong winds that forms around Antarctica and the Southern Ocean every winter. When temperatures drop within the vortex, special clouds called polar stratospheric clouds form. Chemical reactions on the surface of these cloud particles activate ozone-depleting gases, leading to rapid ozone depletion. The duration of the hole's existence depends on how isolated the air within the polar vortex remains. A cold and strong vortex can maintain the ozone hole for a long time. Therefore, large-scale atmospheric disturbances also play a significant role.

The Role of the Montreal Protocol - Since the signing of the Montreal Protocol in 1987, the concentration of ozone-depleting gases has decreased. However, sometimes, before spring arrives, the atmospheric dynamics of the polar vortex create conditions that strengthen and cool it. When this happens, the hole can become larger, deeper, and last longer, even though ozone continues to recover chemically.

Signs Seen in May - Predicting a severe ozone hole remains a challenge for scientists. Satellite data in May 2026 showed changes in atmospheric composition that indicated a strengthening of the polar vortex. Based on these signals, a large ozone hole was predicted for September 2026. Data so far for September matches these initial predictions. If atmospheric conditions over the pole remain unchanged, the hole could persist until October and November. The authors predict that the 2026 ozone hole could be among the ten most severe ever. Large ozone holes also observed in the 2020s - The large ozone hole in 2026 is not entirely unexpected. Several large and long-lasting holes were also observed over Antarctica between 2020 and 2023. Smoke from the Australian wildfires in 2019-20 and aerosols from the La Soufrière volcano eruption in the Caribbean in 2021 have been linked to increased ozone depletion in those years. The Hunga Tonga-Hunga Ha'apai undersea volcanic eruption in 2022 has also been linked to an earlier-than-normal ozone hole in 2023. In this respect, the 2020s have been unusual for ozone layer recovery.

Impact on Weather - The ozone hole impacts the weather and climate of the entire Southern Hemisphere. Following a severe ozone hole, the Southern Annular Mode may shift to a positive state. This could lead to calmer winds and warmer, wetter weather in New Zealand, especially on the west coast. It is also associated with increased rainfall along the southeast coast of Australia.

When will it recover? In the long term, the ozone layer over Antarctica is projected to fully recover before 2090. However, in recent years, the ozone hole has persisted longer in the southern spring. Changes in global atmospheric dynamics may increase the likelihood of long-lasting ozone holes. This suggests that current projections of ozone layer recovery may miss some important aspects of atmospheric changes. For New Zealand, this means the ozone hole could affect winds and temperatures there for decades to come.

UP Will Write the Script of National Politics

Among the states with upcoming assembly elections, Uttar Pradesh is witnessing the most political activity.

Assembly elections are scheduled for February-March 2027 in Uttarakhand, Punjab, Goa, and Manipur, along with Uttar Pradesh. Electoral activity is intense in all these states, but all eyes are on Uttar Pradesh, as it could open the door to a third term for Chief Minister Adityanath Yogi and shape the course of the 2029 Lok Sabha elections. In 2024, the BJP lost 29 seats in Uttar Pradesh, losing 33 seats. The SP and Congress alliance won 43 seats (37+6), preventing the BJP from securing an absolute majority in the Lok Sabha. Despite this, the BJP/NDA's vote share in the state (44.01) was higher than that of the SP-Congress alliance (43.52).

It should be remembered that in 2012, the SP formed the government with a mere 29 percent of the vote, and in 2007, the BSP with 30 percent of the vote. Therefore, the BJP/NDA's current 40 percent support base offers the potential for victory in a triangular electoral contest, but the BJP's path to victory is not easy. Yogi may have gained public trust on "law and order" and "public welfare and development," but voters may be swayed by the illusion of "opposition discourse" in elections. This is what happened in the last Lok Sabha elections. Akhilesh and Rahul created a narrative about the BJP crossing 400 seats, claiming that by gaining so many seats, the BJP would change Baba Saheb's Constitution" and "abolish reservations." Confused by this, Dalit and OBC voters shifted away from the BJP. The BJP and Prime Minister Modi, who commanded 60 percent of the public's support in January-March 2024, fell to 40 percent in April-May. Otherwise, Uttar Pradesh would have seen results similar to those in Madhya Pradesh, Odisha, Delhi, Bihar, and Gujarat. To win, the ruling party must cultivate an effective central discourse, along with good governance. Chief Minister Yogi faces challenges not only from the opposition but also from internal infighting within the BJP. Many aspirants are seeking the chief ministership. Central leadership interference and the lack of a RSS background are also issues, but thanks to Yogi's diligence, Modi's blessings, and the public's support, he is progressing steadily toward his goal. Some problems will always persist.

This is all the more so because Uttar Pradesh is a large state in terms of population. Today, there is outrage over examinations and employment by "Gen-G," but in a country where the population grows as much as Sudan, Belgium, the UAE, etc. in just one year, does any party have a better blueprint for providing employment? "Gen-G" has a mobile phone in his hand. Doesn't he know why the people of the state rejected the Congress in 1989, and why it hasn't been able to find its footing even after 36-37 years? Doesn't he know the extent of fear, casteism, and Muslim appeasement under the SP regime? Doesn't he know the history of riots during the SP-Congress regime? Doesn't he know that in the last 10 years, the SP-Congress, apart from insulting the BJP and Modi, have offered nothing constructive or positive to the public about what they can do better than the BJP?wness of caste equations, the weakness of grassroots politics, minorityism, nepotism, the lack of a better model of governance and development, and the image of its previous tenure. Instead of finding solutions, the SP chose negative and regressive politics. First, it played the Muslim-Yadav alliance and then the PDA (Backward, Dalit, and Minority) alliance, but it still lags behind Modi's mantra of inclusive politics: "Sabka Saath, Sabka Vikas." BSP supremo Mayawati was once a powerful figure in state politics. Through social engineering, she formed a full-majority government in 2007, but she was unable to maintain it. She failed to reconcile the aspirations of Brahmins and Dalits. Perhaps she doesn't understand that politics is not just about gaining power, but also about maintaining it. The BSP won only one seat in the 2022 Assembly elections and none in the 2024 Lok Sabha elections, but it retains 10% of its support base. Meanwhile, Chandrashekhar, an emerging Dalit leader, surprised the BSP by winning the Nagina Lok Sabha seat in Uttar Pradesh. Mayawati is losing her support base due to her ideology, organization, and leadership. Since 2014, the BJP has established its foothold among Dalits by winning most of the reserved seats in the state, gaining their trust by giving them proportional representation in the organization and power. Dalits have no compelling reason to abandon the BJP and join parties like the SP or Congress. The SP has always considered itself a monopoly on Muslim votes, but this time, in addition to the Congress and Mayawati, Asaduddin Owaisi's party is also in the fray, eyeing Muslim-majority constituencies.

15 सेकंड में 30 लाख की चोरी: सगाई में मध्य प्रदेश के मामा-भांजे ने चुराया था दूल्हे की मां का बैग, मुरादाबाद पुलिस ने एक पकड़ा

मुरादाबाद में एक सगाई समारोह के दौरान मध्य प्रदेश के मामा-भांजे ने वेटर बनकर 15 सेकंड में 30 लाख रुपये नकद और जेवरात से भरा बैग चुरा लिया। पुलिस ने नाबालिग भांजे को हिरासत में लेकर चोरी का सारा सामान बरामद कर लिया है, जबकि मामा फरार है। मुरादाबाद सगाई में 30 लाख रुपये की नकदी, जेवरात चोरी। मध्य प्रदेश के नाबालिग चोर वेटर बनकर वारदात को अंजाम दिया। पुलिस ने चोरी का सारा सामान बरामद कर नाबालिग को पकड़ा। मध्य प्रदेश के राजगढ़ से करीब 780 किलोमीटर दूर मुरादाबाद आकर मामा-भांजे ने सगाई समारोह में महज 15 सेकेंड में करीब 30 लाख रुपये की नकदी और जेवरात से भरा बैग पार कर दिया। वारदात के लिए नाबालिग भांजे को वेटर की ड्रेस पहनाई गई थी। पुलिस ने किशोर को हिरासत में लेकर चोरी की पूरी नकदी और जेवरात बरामद कर लिए हैं। उसका मामा बाबी फरार है। दोनों बाइक से मुरादाबाद आए थे और वारदात के बाद वापस लौट गए थे। रेलवे के अकाउंट विभाग में कार्यरत अश्विनी सेठी के बेटे ऋषित सेठी की 22 सितंबर को दिल्ली रोड स्थित ड्राइव इन 24 होटल में सगाई थी। रात करीब 10 बजे अश्विनी की पत्नी फोटो खिंचवा रही थीं। उन्होंने बैग कुछ देर के लिए पीछे रखा। इसी दौरान किशोर ने मौका देखकर बैग उठा लिया। इसमें करीब 30 लाख रुपये की नकदी और सोने-चांदी के आभूषण थे। मुरादाबाद में 22 सितंबर की रात मध्य प्रदेश के चोर मामा-भांजे ने की थी वारदात सीसीटीवी फुटेज में किशोर बैग लेकर बाहर निकलते दिखा। होटल के बाहर वह बाइक लेकर खड़े व्यक्ति के साथ दिल्ली की ओर जाता दिखाई दिया। पुलिस ने फुटेज के आधार पर उसे पाकबड़ा तक ट्रेस किया और किशोर को गिरफ्तार कर लिया। एसपी सिटी कुमार रणविजय सिंह ने बताया कि बाबी भी वारदात में शामिल था और उसकी तलाश की जा रही है। पुलिस ने चोरी किए गए सभी जेवरात और नकदी किए बरामद, बाइक से आए थे दोनों- मामा-भांजे घटना से करीब आठ दिन पहले मुरादाबाद आ गए थे और लगातार शादी समारोहों में चोरी का मौका तलाश रहे थे। किशोर की कम उम्र के कारण उसे वेटर की ड्रेस में भेजा था। एसएसपी सतपाल अंतिल ने पुलिस टीम को 15 हजार रुपये का इनाम देने की घोषणा की है। आठ दिन से मुरादाबाद में रुके हुए थे मामा भांजे- घटना को अंजाम देने से करीब आठ दिन पहले मामा भांजे मुरादाबाद आ गए थे। रोजाना यह शादी कार्यक्रम में जाकर चोरी की घटना को अंजाम देने के फिराक में लगे हुए थे। बाबी ने अपने भांजे को चोरी करने के लिए इसलिए भेजा था क्योंकि उसकी उम्र कम होने के चलते कोई शक न करे। एसपी सिटी ने बताया कि जिस गांव के यह आरोपित है वहां के तमाम लोग इसी तरह की घटनाओं को अंजाम देते हैं। यह दूसरे प्रदेशों में जाकर घटना करते हैं जिससे इन्हें कोई पहचान न सके। वेटर की ड्रेस पहनकर होटल में घुसा था किशोर- घटना को अंजाम देने के लिए आरोपित किशोर वेटर की ड्रेस पहनकर होटल में पहुंचा था। जिससे उसे कोई पहचान न सके और कही भी वह बिना रोकटोक जा सके। इसलिए जब भी वह परिवार के बीच में जाता तो कोई उसे टोकता नहीं था।

भर्ती दौड़ के पहले ही दिन मुरादाबाद में 2 अभ्यर्थियों के पैर में फ्रैक्चर, 8 बेहोश

मुरादाबाद में यूपी पुलिस सिपाही भर्ती दौड़ के पहले दिन दस अभ्यर्थी दौड़ते हुए गिर गए, जिनमें से दो के पैर में फ्रैक्चर हो गया और आठ बेहोश हो गए। सभी को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां पांच को उपचार के बाद छुट्टी दे दी गई।यूपी उत्तर पुलिस सिपाही भर्ती दौड़ के पहले दिन दस अभ्यर्थी दौड़ते हुए गश खाकर गिर गए। इसमें से दो के पैर में फ्रैक्चर हो गया। जबकि आठ बेहोश हो गए। सभी को उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया।पांच को उपचार के बाद डिस्चार्ज कर दिया गया। मुरादाबाद की नौवीं वाहिनी पीएसी के मैदान में शनिवार से यूपी पुलिस भर्ती की दौड़ शुरू हुई। पहले दिन बरेली मंडल के 875 अभ्यर्थियों को बुलाया गया। जिसमें से 827 अभ्यर्थी पहुंचे।इनमें से दौड़ते हुए आठ अभ्यर्थी गिर गए। जिन्हें जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। दो के पैर में फ्रैक्चर हो गया। भर्ती के नोडल अधिकारी एसपी क्राइम सुभाषचंद्र गंगवार ने बताया कि 97 अभ्यर्थी समय पर दौड़ पूरी नहीं कर सके जिन्हें भर्ती प्रक्रिया से बाहर कर दिया गया। जबकि 730 अभ्यर्थियों ने समय से दौड़ पूरी कर ली। अब वह भर्ती की अगली प्रक्रिया में शामिल होंगे।

मुरादाबाद CWC में संग्राम: 50 साल के मौलाना से निकाह की जिद पर अड़ी किशोरी, मां से छीनने की कोशिश

मुरादाबाद सीडब्ल्यूसी में एक 17 वर्षीय किशोरी और 50 वर्षीय मौलाना राशिद हुसैन के निकाह को लेकर विवाद हुआ। किशोरी अपनी मां के साथ जाने को तैयार होती है, लेकिन मौलाना को देखकर अपना मन बदल देती है।
मां बेटी को अपने साथ ले जाने की कोशिश कर रही थी और सामने 50 वर्षीय मौलाना राशिद हुसैन निकाह करने के लिए उसे अपने साथ ले जाने की जिद पर था। बीच में खड़ी 17 वर्षीय किशोरी का रुख भी बार-बार बदल रहा था। कभी वह माता-पिता के साथ जाने को तैयार होती तो मौलाना को देखते ही फिर उसके साथ जाने की जिद करने लगती।गुरुवार को दिल्ली रोड स्थित बाल कल्याण समिति (सीडब्ल्यूसी) कार्यालय में इसी को लेकर करीब एक घंटे तक हंगामा और खींचतान होती रही। आरोप है कि मौलाना ने किशोरी की मां से छीनाझपटी कर किशोरी को ले जाने का प्रयास किया।मौके पर मौजूद विवेचक और पुलिसकर्मियों की भूमिका पर भी सवाल उठे। समिति अध्यक्ष अमित कौशल के हस्तक्षेप के बाद स्थिति शांत हुई। कुंदरकी निवासी किशोरी 20 सितंबर की सुबह घर से लापता हो गई थी।
स्वजन ने गाजियाबाद निवासी मौलाना राशिद हुसैन पर किशोरी को अगवा करने और गाजियाबाद में कोर्ट मैरिज कराने का प्रयास करने का आरोप लगाया था। स्वजन का यह भी आरोप है कि मौलाना तंत्र-मंत्र का काम करता है और इसी के जरिए लोगों के संपर्क में रहता है।इन आरोपों की स्वतंत्र पुष्टि नहीं हुई है। किशोरी की मां की तहरीर पर कुंदरकी पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू की थी। तीन दिन पहले किशोरी कुंदरकी थाने पहुंच गई। पुलिस को दिए बयान में उसने मौलाना से प्रेम करने और उसी से निकाह करने की इच्छा जताई।
इसके बाद पुलिस उसे काउंसिलिंग के लिए सीडब्ल्यूसी लेकर पहुंची थी। थाना प्रभारी कुंदरकी हम्बीर सिंह ने बताया कि किशोरी मेडिकल में बालिग बताई गई थी लेकिन, बाल कल्याण समिति उसे नाबालिग मान रही है।
काउंसिलिंग में माता-पिता के साथ जाने को हुई तैयार-गुरुवार को समिति के सामने किशोरी की काउंसिलिंग हुई। इस दौरान उसने किसी तरह के शोषण से इन्कार किया। समझाने पर वह माता-पिता के साथ जाने को तैयार हो गई।किशोरी के बदलते बयानों, 50 वर्षीय मौलाना से उसके संपर्क और सीडब्ल्यूसी परिसर में हुए विवाद ने पूरे मामले को गंभीर और पेचीदा बना दिया है।

DM अनुनय झा के कदम से मुरादाबाद कलेक्ट्रेट में मची खलबली, दो स्टेनो सहित 8 कर्मचारियों के ट्रांसफर

मुरादाबाद के डीएम अनुनय झा ने कलेक्ट्रेट के आठ कर्मचारियों की तैनाती में फेरबदल किया है, जिसमें दो स्टेनो भी शामिल हैं। सभी संबंधित कर्मचारियों को दो दिन के भीतर अपने नवीन तैनाती स्थल पर कार्यभार ग्रहण करने के निर्देश दिए गए हैं।डीएम अनुनय झा ने कलेक्ट्रेट में किए आठ तबादले।दो स्टेनो समेत आठ कर्मचारियों की बदली तैनाती। कर्मचारियों को दो दिन में कार्यभार ग्रहण करने के निर्देश।डीएम अनुनय झा ने कलेक्ट्रेट के आठ कर्मचारियों की तैनाती में फेरबदल किया गया है। आदेश के अनुसार राजेश यादव, आशुलिपिक उपजिलाधिकारी सदर से आशुलिपिक अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) मुरादाबाद के साथ संबद्ध किए गए हैं।वहीं पंकज सिंह, आशुलिपिक अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) से आशुलिपिक उपजिलाधिकारी सदर के पद पर तैनात किए गए हैं। आबकारी सहायक अनिल सैनी को अपने मूल कार्य के साथ अपर जिलाधिकारी (नगर) के पेशकार का कार्य भी संपादित करने की जिम्मेदारी दी गई है। डीएम ने पेशकार अपर जिलाधिकारी (नगर) कुलदीप यादव को जिलाधिकारी न्यायालय से संबद्ध किया गया है। एमजे तहसीलदार मुरादाबाद त्रिवेंद्र कुमार को जिलाधिकारी शिविर कार्यालय से संबद्ध किया गया है। स्थानांतरणाधीन नायब नाजिर तहसील बिलारी प्रशांत यादव को एमजे तहसीलदार सदर मुरादाबाद की जिम्मेदारी दी गई है। डीएम ने आठ कर्मचारियों की बदली तैनाती, दो स्टेनो भी शामिल-डीएम अनुनय झा ने वरिष्ठ सहायक सचिन शर्मा को अहलमद माल न्यायालय उपजिलाधिकारी सदर से संबद्ध न्यायालय अपर जिलाधिकारी (न्यायिक) मुरादाबाद में तैनात किया गया है। टंकण लिपिक याचना सक्सेना को संबद्ध न्यायालय जिलाधिकारी मुरादाबाद में भेजा गया है।दो दिन में नए तैनाती स्थल पर कार्य ग्रहण करने के निर्देश-सभी संबंधित कर्मचारियों को दो दिन के भीतर नवीन तैनाती स्थल पर कार्यभार ग्रहण करने के निर्देश दिए गए हैं। बदले गए कर्मचारियों में कुछ ऐसे हैं जो लंबे समय से एक ही पटल पर तैनात थे। फेरबदल के बाद सामने आया कि अब भी कई कर्मचारी ऐसे हैं जो सालों से एक ही पटल पर जमे हैं। इतना ही नहीं प्रोन्नति के बाद भी वही पटल संभाल रहे हैं। ऐसे में उन लोगों का भी फेरबदल तय माना जा रहा है।

कोसी नदी किनारे अज्ञात महिला का शव मिला

दढ़ियाल। नगर के मोहल्ला मिलक फत्तावाला के पास कोसी नदी किनारे बृहस्पतिवार देर शाम करीब 45 वर्षीय अज्ञात महिला का शव मिलने से सनसनी फैल गई। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, शव नदी में बहकर यहां पहुंचा था।सूचना पर टांडा थाना प्रभारी बलवान सिंह मौके पर पहुंचे और शव को कब्जे में लेकर शिनाख्त का प्रयास किया, जो असफल रहा। पुलिस के अनुसार, शव करीब पांच-छह दिन पुराना प्रतीत हो रहा है और महिला की पहचान नहीं हो सकी है। आवश्यक कार्रवाई के बाद पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस महिला की शिनाख्त और शव के नदी में पहुंचने के संबंध में भी जानकारी जुटा रही है।

हाईवे पर अज्ञात वाहन की टक्कर से युवक की मौत

धमोरा। शहजादनगर थाना क्षेत्र में रामपुर-बरेली हाईवे पर शुक्रवार को एक तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने बाइक सवार युवक को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में युवक गंभीर रूप से घायल हो गया और अस्पताल में उसे मृत घोषित कर दिया गया।मृतक की पहचान पटवाई थाना क्षेत्र के ढोलसर मतवाली गांव निवासी राहुल (30) के रूप में हुई है। राहुल शुक्रवार को बाइक से रामपुर से धमोरा जा रहे थे। मेंघानगला कदीम गांव के पास पीछे से आए अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी।

संक्षिप्त समाचार

कांग्रेस पार्षद ने घर में फंदे से लटककर दी जान, पारिवारिक विवाद के बाद उठाया कदम

क्यूँ न लिखूँ सच / सैयद सिकंदर रज़ा /मुरादाबाद के मझोला क्षेत्र में वार्ड 69 के कांग्रेस पार्षद सद्दाम ने घर में फंदे से लटककर जान दे दी। इसका कारण परिवार में विवाद के बाद आत्महत्या की बात सामने आई है। पुलिस ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।मुरादाबाद के मझोला थाना क्षेत्र में जयंतीपुर मियां कॉलोनी में शुक्रवार की देर रात वार्ड 69 से कांग्रेस के पार्षद सद्दाम (35) ने अपने ही घर में फंदे पर लटक कर जान दे दी। आत्महत्या के पीछे पारिवारिक विवाद बताया जा रहा है। पार्षद की मौत की जानकारी मिलने पर पूर्व विधायक एवं कांग्रेस नेता हाजी इकराम कुरैशी समेत अन्य भी उनके घर पहुंच गए। देर रात तक पुलिस को सूचना नहीं दी गई थी। बताया जा रहा है कि सद्दाम हुसैन पहले भी पार्षद रह चुके हैं। उन्होंने दो शादियां की थीं। एक बार उनकी पत्नी भी इस वार्ड से पार्षद रह चुकी हैं। आस पड़ोस में ही दो मकान हैं। दोनों पत्नियां अलग अलग रहती हैं।शुक्रवार की रात किसी बात को लेकर घर में विवाद हुआ था। इसके बाद वह अपने कमरे में चले गए और उन्होंने कमरे में जाकर फंदे से लटक कर जान दे दी। परिवार के लोगों ने उन्हें फंदे पर लटका देखा तो चीख पुकार मच गई। इसके बाद परिजन उन्हें फंदे से उतारकर अस्पताल ले गए जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।इसके बाद उनके पिता और भाई समेत अन्य लोग उन्हें घर ले आए। इसके बाद उनके घर में लोगों की भीड़ जमा हो गई। सीओ सिविल लाइंस भास्कर कुमार मिश्रा का कहना है कि परिवार की ओर से पुलिस को सूचना नहीं दी गई है। कुछ लोगों के कॉल आएं हैं। पुलिस टीम भेज कर जांच कराई जा रही है कि क्या मामला है।

गर्भवती महिला का शव फंदे पर लटका मिला, दहेज हत्या की रिपोर्ट

बिलासपुर। कोतवाली क्षेत्र के मुंडिया खुर्द गांव में बृहस्पतिवार रात टेंपो चालक की गर्भवती पत्नी रजनी (23) की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। उसका शव घर के कमरे में छत के कुंडे से दुपट्टे के सहारे लटका मिला।मायके पक्ष ने पति समेत चार ससुरालियों पर दहेज में बाइक और रुपये की मांग को लेकर हत्या कर शव को छत के कुंडे से लटकाने का आरोप लगाया है। पुलिस ने चार लोगों के खिलाफ दहेज हत्या की रिपोर्ट दर्ज कर शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। सूत्रों के अनुसार, पुलिस ने मुख्य आरोपी को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया है।जिला मुरादाबाद के थाना मूंढापांडे क्षेत्र के मानपुर पट्टी गांव निवासी विनोद ने कोतवाली में दर्ज कराई रिपोर्ट में कहा है कि उसकी बहन रजनी की शादी 25 मई को मुंडिया खुर्द की गदईया कॉलोनी निवासी लोकेश के साथ हुई थी।आरोप है कि शादी के बाद से ही ससुराली बाइक और नकदी की मांग को लेकर रजनी को प्रताड़ित कर रहे थे। रजनी ने 15 दिन पहले फोन पर बताया था कि मांग पूरी न होने पर उसके साथ मारपीट की जा रही है और फांसी लगाकर मारने की धमकी दी जा रही है।बृहस्पतिवार रात करीब आठ बजे रजनी के ममेरे भाई से सूचना मिली कि उसने फांसी लगा ली है। जब मायके पक्ष के लोग ससुराल पहुंचे तो रजनी का शव चारपाई पर पड़ा था, जबकि उन्हें बताया गया था कि उसने फंदा लगाया है। इस पर मायके पक्ष ने हत्या का शक जताया। सूचना पर सीओ पीपी सिंह और कोतवाली प्रभारी जीत सिंह मौके पर पहुंचे और जांच की। सीओ ने बताया कि शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। पीएम रिपोर्ट आने पर मौत का कारण स्पष्ट होगा। तहरीर के आधार पर पति लोकेश, सास कलावती उर्फ कमलावती, जेठ विकास और जेठानी आरती को नामजद किया गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। चार माह की गर्भवती थी रजनी-मायके वालों ने बताया कि मृतका करीब चार माह की गर्भवती थी। यह जानकारी सामने आने के बाद परिवार में और कोहराम मच गया। परिजन रजनी को बेहद सीधा बता रहे हैं। पहली पत्नी की मौत के बाद हुई थी रजनी से दूसरी शादी-मायके पक्ष के मुताबिक, टेंपो चालक लोकेश की पहली शादी चार साल पहले रेखा नाम की युवती से हुई थी। रुद्रपुर के एक अस्पताल में प्रसव के दौरान रेखा की मौत हो गई थी। इसके बाद लोकेश की दूसरी शादी रजनी से हुई थी।परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल-घर में मृतका की मां कृष्णा देवी, पिता वीरपाल और भाभी काजल का रो-रोकर बुरा हाल था। देवी महिलाओं के बीच बैठी थीं और उनका भी रो-रोकर बुरा हाल था।

क्यूँ न लिखूँ सच
स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक नरेश राज शर्मा द्वारा ए०एच०प्रिंटर्स, ए-11, असालतपुरा, लंगड़े की पुलिया, मुरादाबाद-244001(उत्तर प्रदेश) से छपवाकर कार्यालय म.नं. 210 खा सीतापुरी, डबलफाटक जनपद-मुरादाबाद (उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित एवं वितरित किया।
संपादक - नरेश राज शर्मा
मो. 9027776991
RNI NO- UPBIL/2021/83001
इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादक हेतु पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी होंगे तथा समस्त विवाद मुरादाबाद न्यायालय के अधीन होंगे।
क्यूँ न लिखूँ सच समाचार पत्र में सभी पद अवैतनिक है

आलमपुर जाफराबाद में ‘सरकार आपके द्वार’, डीएम ने मौके पर बांटीं सरकारी योजनाएं

क्यूँ न लिखूँ सच / ब्यूरो / बरेली। जनता को दफ्तरों के चक्कर न लगाने पड़ें और योजनाओं का लाभ सीधे चौखट पर मिले, इसी मकसद से आलमपुर जाफराबाद ब्लॉक में ‘सरकार आपके द्वार’ सेवा शिविर आयोजित किया गया। शिविर में पहुंचे जिलाधिकारी अविनाश सिंह ने विभिन्न विभागों के स्टॉलों का निरीक्षण किया और सीधे लाभार्थियों से संवाद साधा।

शिविर के मुख्य आकर्षण= आवास और अनुदान= डीएम ने पात्र लाभार्थियों को मुख्यमंत्री आवास योजना के स्वीकृति पत्र और पिछड़ा वर्ग शादी अनुदान योजना के तहत 20,000 रुपये का स्वीकृति पत्र सौंपा। पोषण और खेती= बाल विकास विभाग ने गोद भराई व अन्नप्राशन कार्यक्रम कराया, जबकि कृषि विभाग ने किसानों को बीज किट बांटी।

?ऑन-द-स्पॉट समाधान= अधिकारियों ने मौके पर ही जनता की समस्याएं सुनीं और योजनाओं के नए आवेदन व पंजीकरण की प्रक्रिया पूरी की। जिलाधिकारी ने अफसरों को दो-टूक निर्देश दिए कि शिविर का असल मकसद तभी पूरा होगा जब हर पात्र व्यक्ति को बिना भटके योजना का लाभ तुरंत मिले। इस दौरान सीडीओ देवयानी और भाजपा आंवला अध्यक्ष आदेश प्रताप सिंह समेत कई अधिकारी मौजूद रहे।

बरेली कॉलेज में समाजवादी छात्र सभा की नई टीम का एलान, लवजीत अध्यक्ष और कृष्णा बने महासचिव

क्यूँ न लिखूँ सच / ब्यूरो / बरेली । बरेली कॉलेज के एम.एड. हॉल में समाजवादी छात्र सभा ने अपनी नई कॉलेज इकाई की घोषणा कर संगठनात्मक मजबूती का शंखनाद किया। जिलाध्यक्ष अविनाश मिश्रा और महानगर अध्यक्ष विक्रांत पाल ने छात्रों की मौजूदगी में लवजीत चौधरी को इकाई अध्यक्ष तथा कृष्णा ठाकुर को महासचिव मनोनीत किया। ?सभा को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष अविनाश मिश्रा ने कहा कि छात्र राजनीति केवल पद तक सीमित नहीं, बल्कि विद्यार्थियों के अधिकारों, सम्मान और भविष्य की लड़ाई है। उन्होंने छात्रसंघ चुनाव बहाली और फीस वृद्धि जैसे मुद्दों पर आर-पार के संघर्ष का संकल्प दोहराया। महानगर अध्यक्ष विक्रांत पाल ने कहा कि नई इकाई हर छात्र की समस्या के समाधान के लिए ज़मीनी स्तर पर काम करेगी। कार्यक्रम में प्रदेश उपाध्यक्ष सय्यद फरहान अली, प्रदेश सचिव सौरभ यादव और छात्र शक्ति परिषद के अध्यक्ष अभिषेक कुमार ने भी विचार रखे और छात्रों से अपने हकों के प्रति जागरूक रहने का आह्वान किया। इस मौके पर संगठन के प्रमुख पदाधिकारियों सहित बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं मौजूद रहे। अंत में नई कार्यकारिणी को बधाई देते हुए छात्रहित में अनवरत संघर्ष का संकल्प लिया गया।

जिलाधिकारी की अध्यक्षता में तहसील पूरनपुर का सम्पूर्ण समाधान दिवस हुआ सम्पन्न

क्यूँ न लिखूँ सच / सम्पूर्ण समाधान दिवस में 32 शिकायती प्रार्थना पत्र प्राप्त हुये मौके पर 03 शिकायतों का हुआ निस्तारण। जिलाधिकारी ने कृषकों को बीज किट का किया वितरण, मृतक खातेदारों की वरासत की खतौनी उनके वारिसों को प्रदान की। मुख्यमंत्री कृषक दुघर्टना कल्याण योजना के अन्तर्गत प्रदान किए डेमो चेक जिलाधिकारी आलोक कुमार की अध्यक्षता में तहसील पूरनपुर का सम्पूर्ण समाधान दिवस सम्पन्न हुआ।

सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल 32 शिकायती प्रार्थना-पत्र प्राप्त हुये, जिसमें से मौके पर 03 शिकायतों का निस्तारण किया गया। प्राप्त शिकायतों के सम्बन्ध में संज्ञान लेते हुए कहा कि अधिकारी अपनी-अपनी विभागीय शिकायतों का गुणवत्तापरक ढंग से निस्तारण करें।

उन्होंने कहा कि सभी अधिकारी शिकायतों का निस्तारण करते हुए, निस्तारण आख्या पोर्टल पर अपलोड करें। राजस्व सम्बन्धी मामलों में जहां पर पुलिस प्रशासन की आवश्यकता हो तो वहां पुलिस को साथ लेकर मौके पर निस्तारण कराया जाये। जिलाधिकारी ने समस्त अधिकारियों को निर्देश देते हुये कहा कि जनसुनवाई, आईजीआरएस पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों को गुणवत्तापरक ढंग से निस्तारण कराना सुनिश्चित किया जाये। इसके साथ ही उन्होंने पात्र कृषकों को बीज किट वितरित की, जिलाधिकारी ने मृतक खातेदारों की वरासत की खतौनी उनके वारिसों को प्रदान की। मुख्यमंत्री कृषक दुघर्टना कल्याण योजना के अन्तर्गत मृतक के परिवारजनों को डेमो चेक वितरित किये। तहसील सम्पूर्ण समाधान दिवस में पुलिस अधीक्षक, मुख्य चिकित्साधिकारी, उप जिलाधिकारी पूरनपुर, जिला विकास अधिकारी, उप कृषि निदेशक, अधिशासी अभियन्ता विद्युत, जिला पंचायतराज अधिकारी, जिला कृषि अधिकारी, खण्ड विकास अधिकारी, थानाध्यक्ष पूरनपुर सहित अन्य जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

कांस्य प्रतिमाओं से सजेगी IVRI रोड, नारी शक्ति को दर्शाएगी द्रौपदी की मूर्ति

क्यूँ न लिखूँ सच / बरेली। शहर के सुंदरीकरण और सांस्कृतिक धरोहर को सहेजने के लिए नगर निगम ने हेरिटेज वॉक योजना तैयार की है। इस परियोजना पर करीब तीन करोड़ रुपये की लागत आएगी। इसके तहत आईवीआरआई रोड के फुटपाथ को कांस्य प्रतिमाओं से सजाया जाएगा। नगर आयुक्त संजीव कुमार मौर्य ने बताया कि इन प्रतिमाओं में महाभारतकालीन इतिहास और नारी शक्ति का प्रतीक पांचाली (द्रौपदी) की आठ फुट ऊंची प्रतिमा शामिल है। यह प्रतिमा निर्भीकता, सम्मान, शक्ति और न्याय का संदेश देगी। उत्तर पांचाल की प्राचीन राजधानी अहिछत्र के इतिहास को दर्शाती आठ फुट ऊंची कांस्य प्रतिमा भी लगाई जाएगी। स्वास्थ्य और अनुशासन को बढ़ावा देने के लिए योग मुद्रा में एक प्रतिमा स्थापित होगी। यह प्रतिमा स्वस्थ महिला, सशक्त भारत का संदेश देगी।

बरेली के मोहित की छत बनी पावर हाउस, पीएम सूर्य घर योजना ने मिटाई बिल की टेंशन

क्यूँ न लिखूँ सच / ब्यूरो / बरेली। पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना आम लोगों की जेब पर बिजली बिल का बोझ हल्का कर रही है। बरेली (हरुनगला) के मोहित यादव ने इस योजना के तहत अपनी छत पर सोलर प्लांट लगवाया और अब उनका बिजली बिल न के बराबर यानी केवल मीटर चार्ज भर आ रहा है। मोहित बताते हैं कि केंद्र और राज्य सरकार, दोनों से मिली सब्सिडी ने प्लांट लगाने का खर्च बेहद कम कर दिया। आज घर की अधिकांश बिजली सौर ऊर्जा से मिल रही है, जिससे हर महीने होने वाले भारी-भरकम खर्च से पूरी तरह छुटकारा मिल गया है। बचत के साथ-साथ पर्यावरण संरक्षण में योगदान देने पर मोहित ने खुशी जताई और इस जनहितैषी पहल के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का आभार जताया। मोहित की यह कहानी साबित करती है कि सही योजना और सौर ऊर्जा का साथ आम परिवार को बिजली के भारी बिलों से हमेशा के लिए आजादी दिला सकता है।

दिल्ली रोड पर 126 हेक्टेयर में बनेगी हाईटेक इंडस्ट्रियल टाउनशिप, युवाओं को मिलेंगे बंपर रोजगार

क्यूँ न लिखूँ सच / ब्यूरो / बरेली । विकास प्राधिकरण (BDA) मुख्यमंत्री के विजन के तहत जनपद में सरदार वल्लभ भाई पटेल इम्पलाईमेंट एण्ड इण्डस्ट्रियल जोन को तेजी से धरातल पर उतार रहा है। दिल्ली रोड पर 126.30 हेक्टेयर भूमि पर आधुनिक औद्योगिक टाउनशिप विकसित की जा रही है, जो क्षेत्र में निवेश और रोजगार के नए द्वार खोलेगी। जमीन अधिग्रहण में तेजी= परियोजना के लिए रसूला चौधरी, भिटौरा नौंगवा, चिटौली और रहपुरा जागीर में जमीन चिन्हित की गई है। 28 हेक्टेयर शासकीय भूमि के अलावा, 98 हेक्टेयर निजी भूमि की खरीद जारी है। प्राधिकरण अब तक 21 हेक्टेयर भूमि खरीद चुका है, जिसमें आज ही 4 हेक्टेयर भूमि के लिए 8 करोड़ रुपये का मुआवजा जारी किया गया।

विश्वस्तरीय इंफ्रास्ट्रक्चर= टाउनशिप में चौड़ी सड़कें, अंडरग्राउंड बिजली नेटवर्क, 24×7 जलापूर्ति, गैस पाइपलाइन, ड्रेनेज, ई-चार्जिंग स्टेशन, फायर स्टेशन, सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट और कॉमन पार्किंग जैसी अत्याधुनिक सुविधाएं उपलब्ध होंगी। ?उद्योगों और युवाओं को लाभ= ईज ऑफ डूइंग बिजनेस के तहत विकसित हो रही यह टाउनशिप घरेलू व बाहरी निवेशकों को आकर्षित करेगी। इससे स्थानीय स्तर पर नए उद्योग लगेंगे और बरेली के युवाओं के लिए प्रत्यक्ष व अप्रत्यक्ष रोजगार के हजारों नए अवसर बनेंगे।

प्रो0 श्याम बिहारी स्मृति क्रिकेट लीग 5 अक्टूबर से बरेली स्पोर्ट्स स्टेडियम में

क्यूँ न लिखूँ सच / ब्यूरो / बरेली ।स्थानीय उभरते क्रिकेटरों को मंच देने के लिए बरेली स्पोर्ट्स स्टेडियम में 5 अक्टूबर से स्व. प्रो. श्याम बिहारी स्मृति क्रिकेट प्रीमियर लीग शुरू हो रही है। क्रिकेट कोच नितेश भारद्वाज और स्व. प्रोफेसर के सुपुत्र ईशान ग्वाल ने प्रेसवार्ता में बताया कि रेलवे ग्राउंड पर हुए कड़े ट्रायल्स के बाद 6 टीमों का चयन किया गया है। टीमें और कप्तान= बरेली धमाका डायनामोज (फैजान जाफरी), बरेली तूफानी टाइगर्स (मोहित कुमार), बरेली झुमका जायंट्स (साई सक्सेना), बरेली बांसुरी ब्लास्टर्स (अरुण यादव), बरेली दबंग डेयरडेविल्स (प्रतीक पाल) और बरेली नाथ नगरी किंग्स (बंटी मौर्या)। मुकाबले और फाइनल= लीग में कुल 13 मैच होंगे। फाइनल मुकाबला 12 अक्टूबर को खेला जाएगा। दर्शकों के लिए स्टेडियम में प्रवेश निःशुल्क रहेगा। सुविधाएं व पुरस्कार= मुकाबले टर्फ विकेट और कलर किट में खेले जाएंगे, साथ ही लाइव स्ट्रीमिंग की सुविधा होगी। विजेता टीम को इनाम में स्कूटी दी जाएगी।

वन्यजीव सप्ताह में विद्यार्थियों ने उकेरे संरक्षण के संदेश

क्यूँ न लिखूँ सच / अमरिया। वन्यजीव सप्ताह के तहत वन विभाग की ओर से विभिन्न विद्यालयों में चित्रकला प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग करते हुए चित्रों के माध्यम से वन्यजीव और पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया।राजकीय इंटर कॉलेज अमरिया में आयोजित प्रतियोगिता में कक्षा 10 की छात्रा उमरा ने प्रथम, नैंसी ने द्वितीय तथा कक्षा 11 की उमम फातिमा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। विजेता छात्राओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। प्रतियोगिता में शामिल अन्य छात्र-छात्राओं को भी पुरस्कार प्रदान किए गए। इस दौरान विद्यार्थियों को सूक्ष्म जलपान कराया गया।इसी क्रम में वन्यजीव सप्ताह के उपलक्ष्य में मझोला सेक्शन के अंतर्गत प्राथमिक विद्यालय गुलाड़िया भिंडारा में भी चित्रकला प्रतियोगिता आयोजित हुई। इसमें विद्यार्थियों ने वन्यजीवों और प्रकृति से जुड़े विभिन्न चित्र बनाए। प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया गया। सभी छात्र-छात्राओं को सूक्ष्म जलपान भी कराया गया। दोनों विद्यालयों में वन विभाग के कर्मचारियों ने विद्यार्थियों को वन्यजीव संरक्षण के महत्व की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि वन्यजीव प्राकृतिक पर्यावरण का महत्वपूर्ण हिस्सा हैं और इनके संरक्षण के लिए लोगों में जागरूकता जरूरी है। विद्यार्थियों से वन्यजीवों के प्रति संवेदनशील रहने तथा पर्यावरण संरक्षण में अपनी भूमिका निभाने का आह्वान किया गया। राजकीय इंटर कॉलेज अमरिया में वन दरोगा शैलेंद्र यादव, कौशेंद्र यादव, वन रक्षक रामऔतार, प्रधानाचार्य संजय कुमार समेत शिक्षक और छात्र-छात्राएं मौजूद रहे। वहीं प्राथमिक विद्यालय गुलाड़िया भिंडारा में विद्यालय की अध्यापिकाओं के साथ पीलीभीत रेंज का स्टाफ मौजूद रहा।

प्रिय सुधि पाठको आप अपना यहाँ शुभकामना सन्देश (Birthday, anniversary, any kind of message) कम कीमत में विज्ञापन छपवाए - 9027776991

संक्षिप्त समाचार

जनसुनवाई में खानापूर्ति नहीं चलेगी ! कम संतुष्टि पर डीएम सख्त

क्यूँ न लिखूँ सच / ब्यूरो / बरेली । जनसुनवाई पोर्टल पर शिकायतों के निस्तारण में लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों पर जिलाधिकारी ने कड़ा रुख अपनाया है। माह सितंबर में प्राप्त शिकायतों और उनके निस्तारण के बाद शिकायतकर्ताओं से मिले फीडबैक की समीक्षा के दौरान अधिकारियों की कार्यप्रणाली और संतुष्टि प्रतिशत की गहन पड़ताल की गई। समीक्षा में 0 से 20 प्रतिशत तक संतुष्टि प्रतिशत वाले अधिकारियों के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए उनका वेतन बाधित किया गया है। वहीं 33.33 से 54.55 प्रतिशत तक संतुष्टि प्रतिशत वाले अधिकारियों से स्पष्टीकरण तलब किया गया है। जिलाधिकारी ने स्पष्ट निर्देश दिए कि जनसुनवाई पोर्टल पर प्राप्त प्रत्येक शिकायत का गुणवत्तापूर्ण, निष्पक्ष और समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। केवल शिकायत का निस्तारण दर्ज करना पर्याप्त नहीं है, बल्कि शिकायतकर्ता की संतुष्टि भी सुनिश्चित की जानी चाहिए। उन्होंने अधिकारियों को चेतावनी दी कि शिकायतों के निस्तारण में लापरवाही, उदासीनता अथवा खानापूर्ति पाए जाने पर संबंधित अधिकारी की जवाबदेही तय करते हुए कठोर कार्रवाई की जाएगी। जिलाधिकारी ने कहा कि जनसुनवाई में आने वाली शिकायतों का प्रभावी निस्तारण प्रशासन की प्राथमिकताओं में शामिल है।

60.98 ग्राम स्मैक के साथ तस्कर गिरफ्तार

क्यूँ न लिखूँ सच / ब्यूरो / बरेली । थाना कैंट पुलिस ने मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ कार्रवाई करते हुए एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। पुलिस टीम ने मुखबिर की सूचना पर बरेली-शाहजहांपुर रोड स्थित जाट गेट के पास से संदिग्ध व्यक्ति को घेराबंदी कर पकड़ा। तलाशी के दौरान आरोपी के कब्जे से 60.98 ग्राम अवैध स्मैक, एक सैमसंग मोबाइल और 200 नकद बरामद हुए। पकड़े गए अभियुक्त की पहचान हनीफ (55) पुत्र हबीब शाह, निवासी ग्राम कैमुआ, थाना भमोरा (बरेली) के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 8/21 एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर उसे न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया है।

कान्हा गौशाला में 500 गोवंशों का हुआ इलाज, मेयर उमेश गौतम ने पहनाई माला

क्यूँ न लिखूँ सच / ब्यूरो / बरेली। ‘सेवा संकल्प अभियान’ के तहत वार्ड-37 स्थित नदौसी कान्हा गौशाला में विशाल गोवंश स्वास्थ्य एवं परामर्श शिविर आयोजित किया गया। पंडित हरि ओम गौतम के संचालन में विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम (डॉ. राजीव सिंह, डॉ. सुनैना सिंह, डॉ. सुमित और हरि शंकर) ने करीब 500 गोवंशों का स्वास्थ्य परीक्षण कर उन्हें दवाएं और उपचार उपलब्ध कराया। ?शिविर में मुख्य रूप से पहुंचे महापौर डॉ. उमेश गौतम ने गाय को माला पहनाकर सम्मानित किया और गोवंश की सेहत का जायजा लिया। मेयर ने अधिकारियों को गोवंश की नियमित जांच, बेहतर देखभाल और ईयर टैगिंग सुनिश्चित करने के सख्त निर्देश दिए। कार्यक्रम में अपर नगर आयुक्त शशि भूषण, पर्यावरण अभियंता राजीव राठी, पशु कल्याण अधिकारी हरपाल सिंह और उपसभापति पूनम राठौर सहित कई पार्षद व नगर निगम के अधिकारी मौजूद रहे।

नवनियुक्त संगठन प्रमुख जितेंद्र श्रीवास्तव का फतेहगंज पश्चिमी में जोरदार स्वागत

क्यूँ न लिखूँ सच / फतेहगंज पश्चिमी। अखिल भारतीय गौ रक्षा परिषद के नवनियुक्त संगठन प्रमुख जितेंद्र श्रीवास्तव का फतेहगंज पश्चिमी में कार्यकर्ताओं एवं गौ रक्षकों द्वारा जोरदार स्वागत किया गया। उनके संगठन प्रमुख नियुक्त होने के बाद कार्यकर्ताओं में खासा उत्साह देखने को मिला।

इसी क्रम में फतेहगंज पश्चिमी के रहपुरा रोड स्थित त्रिलोक चंद पी.जी. डिग्री कॉलेज में एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में क्षेत्र के विभिन्न स्थानों से बड़ी संख्या में गौ रक्षक, संगठन के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यकर्ताओं ने नवनियुक्त संगठन प्रमुख जितेंद्र श्रीवास्तव का फूल-मालाओं से स्वागत करते हुए उन्हें नई जिम्मेदारी के लिए शुभकामनाएं दीं।

कार्यक्रम के दौरान गौ सेवा, गौ संरक्षण तथा संगठन को गांव-गांव तक मजबूत करने को लेकर चर्चा की गई। वक्ताओं ने कहा कि गौ संरक्षण के लिए समाज के सभी वर्गों को मिलकर जागरूकता बढ़ाने और सेवा कार्यों को आगे बढ़ाने की आवश्यकता है। नवनियुक्त संगठन प्रमुख जितेंद्र श्रीवास्तव ने उपस्थित सभी कार्यकर्ताओं एवं गौ रक्षकों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि संगठन द्वारा दी गई जिम्मेदारी को पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ निभाने का प्रयास किया जाएगा। उन्होंने कार्यकर्ताओं से संगठन की गतिविधियों को मजबूत करने, गौ सेवा एवं संरक्षण के कार्यों को आगे बढ़ाने तथा समाज में सकारात्मक जागरूकता फैलाने का आह्वान किया।इस अवसर पर विधायक प्रतिनिधि संजय चौहान, मेला कमेटी अध्यक्ष ओमेंद्र चौहान, पूर्व जिलाध्यक्ष ठाकुर राघवेंद्र सिंह सहित संगठन के पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं बड़ी संख्या में गौ रक्षक मौजूद रहे। कार्यक्रम के दौरान कार्यकर्ताओं में उत्साह और हर्षोल्लास का माहौल रहा। उपस्थित लोगों ने जितेंद्र श्रीवास्तव को संगठन प्रमुख की नई जिम्मेदारी के लिए बधाई एवं शुभकामनाएं दीं।

जालौन के 2,521 विद्यार्थियों को मिली 56.36 लाख की छात्रवृत्ति

क्यूँ न लिखूँ सच / नीरज कुमार/ जालौन। आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के विद्यार्थियों को शिक्षा के लिए आर्थिक संबल प्रदान करने के उद्देश्य से मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को लोक भवन, लखनऊ से पूर्वदशम एवं दशमोत्तर छात्रवृत्ति योजना के तहत प्रदेश के 4.60 लाख से अधिक छात्र-छात्राओं के बैंक खातों में 148 करोड़ रुपये से अधिक की छात्रवृत्ति एवं शुल्क प्रतिपूर्ति की धनराशि डीबीटी के माध्यम से अंतरित की।

मुख्यमंत्री ने बटन दबाकर धनराशि अंतरण प्रक्रिया का शुभारंभ किया। मुख्यमंत्री के कार्यक्रम का जनपद में सजीव प्रसारण विकास भवन स्थित रानी लक्ष्मीबाई सभागार में एलईडी स्क्रीन के माध्यम से किया गया। इस दौरान विधान परिषद सदस्य रमा निरंजन, कालपी विधायक विनोद चतुर्वेदी, जल शक्ति मंत्री के प्रतिनिधि अरविंद चौहान, जिलाधिकारी समीर, मुख्य विकास अधिकारी केके सिंह, जिला समाज कल्याण अधिकारी संजय श्रीवास्तव समेत बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं मौजूद रहे। वित्तीय वर्ष 2026-27 में जालौन जिले के पूर्वदशम एवं दशमोत्तर छात्रवृत्ति योजना के अंतर्गत 2,521 छात्र-छात्राओं के बैंक खातों में 56.36 लाख रुपये की छात्रवृत्ति एवं शुल्क प्रतिपूर्ति की धनराशि भेजी गई। डीबीटी के माध्यम से सीधे खातों में राशि पहुंचने से विद्यार्थियों को शिक्षा से जुड़े खर्चों को पूरा करने में आर्थिक मदद मिलेगी। विधान परिषद सदस्य रमा निरंजन ने कहा कि छात्रवृत्ति योजना आर्थिक रूप से कमजोर विद्यार्थियों के लिए पढ़ाई जारी रखने में महत्वपूर्ण सहारा है। कालपी विधायक विनोद चतुर्वेदी ने कहा कि सरकार विद्यार्थियों को आर्थिक सहायता देकर उनके भविष्य को संवारने का कार्य कर रही है। जिलाधिकारी समीर ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि छात्रवृत्ति योजनाओं का लाभ पात्र विद्यार्थियों तक पारदर्शी एवं समयबद्ध तरीके से पहुंचे और किसी स्तर पर लापरवाही न हो। जल शक्ति मंत्री के प्रतिनिधि अरविंद चौहान ने कहा कि आर्थिक कठिनाइयों के कारण किसी विद्यार्थी की पढ़ाई प्रभावित न हो, इसके लिए सरकार लगातार प्रयास कर रही है। कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं ने मुख्यमंत्री का संबोधन सुना और छात्रवृत्ति अंतरण का सजीव प्रसारण देखा।

कालपी की नित्या ने अंतरराष्ट्रीय योग प्रतियोगिता में जीता स्वर्ण पदक



क्यूँ न लिखूँ सच / नीरज कुमार/ कालपी, जालौन। कालपी की होनहार छात्रा नित्या खत्री ने गोवा में आयोजित अंतरराष्ट्रीय योग एडवांस प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक हासिल कर नगर एवं जनपद का नाम रोशन किया। छात्रा की इस उपलब्धि पर विद्यालय परिवार, परिजनों और क्षेत्रवासियों में खुशी का माहौल है। जगह-जगह छात्रा का सम्मान कर उसका उत्साहवर्धन किया जा रहा है।

शनिवार को सदर बाजार स्थित मोतीचंद विद्यालय में आयोजित सम्मान समारोह में विद्यालय प्रबंधक जय खत्री, पूर्व प्रबंधक दीपक धवन, संस्था अध्यक्ष राजेश पुरवार, छात्रा के पिता राजेश खत्री, पत्रकार सतीश द्विवेदी, प्रधानाचार्य ओपी रायकवार, लेखाकार हरीश कुमार सहित विद्यालय के समस्त स्टाफ ने छात्रा नित्या खत्री का स्वागत किया। नन्हे-मुन्ने छात्र-छात्राओं की मौजूदगी में छात्रा को उपहार भेंट कर सम्मानित किया गया। इस दौरान विद्यालय परिसर तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा।

विद्यालय प्रबंधक जय खत्री ने बताया कि नित्या खत्री ने मोतीचंद विद्यालय से कक्षा आठ तक शिक्षा ग्रहण की। इसके बाद उसने एमएसबी इंटर कॉलेज कालपी से इंटरमीडिएट तक की पढ़ाई पूरी की और वर्तमान में जनपद सुल्तानपुर में शिक्षा ग्रहण कर रही है। सदर बाजार निवासी राजेश खत्री की पुत्री नित्या ने गोवा में आयोजित अंतरराष्ट्रीय योग एडवांस प्रतियोगिता में प्रतिभाग कर परीक्षा उत्तीर्ण की और स्वर्ण पदक प्राप्त किया।

उन्होंने कहा कि नित्या की उपलब्धि न केवल उसके माता-पिता और गुरुजनों के लिए गौरव का विषय है, बल्कि इससे कालपी और पूरे जनपद जालौन का नाम भी राष्ट्रीय-अंतरराष्ट्रीय स्तर पर रोशन हुआ है।

इसी क्रम में टरननगंज स्थित किसान मार्केट में प्रेस क्लब के सदस्यों की मौजूदगी में कालपी विधायक विनोद चतुर्वेदी ने भी नित्या खत्री को भगवान की प्रतिमा भेंट कर सम्मानित किया। विधायक ने छात्रा की उपलब्धि की सराहना करते हुए उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। छात्रा के सम्मान का सिलसिला जारी रहने से क्षेत्र के लोगों में भी उत्साह है।

कार्यालय नगर पालिका परिषद, बिलारी (मुरादाबाद)

नोटिस ::

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मौहल्ला कोरियन वार्ड संख्या-01 तहसील, बिलारी स्थित भवन संख्या-261 जो गृहकर अभिलेखों में श्री लियाकत पुत्र श्री कल्लन निवासी मौहल्ला अब्दुल्ला कस्बा व तहसील बिलारी के नाम दर्ज है पर श्री नाजिर हुसैन पुत्र श्री आशिक हुसैन निवासी मौहल्ला अब्दुल्ला कस्बा व तहसील बिलारी जिला मुरादाबाद के द्वारा उक्त भवन के रकबई 44.763 वर्गमीटर गृहकर अभिलेखों में अपना नाम दर्ज कराने हेतु इस कार्यालय में एक प्रार्थना पत्र दिनांक-10/08/2026 को प्रेषित किया गया है। जिसके साक्ष्य में इनके द्वारा प्रार्थना पत्र के साथ विक्रय पत्र की छायाप्रति संलग्न कर प्रेषित की गयी है।

क्र म सं0	भवन संख्या	मोहल्ला	वर्तमान में दर्ज नाम	नाम परिवर्तन की दशा में गृहकर का प्रकार
1	261	कोरियन	श्री लियाकत पुत्र श्री कल्लन	श्री नाजिर हुसैन पुत्र श्री आशिक हुसैन

उक्त के सम्बन्ध में यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वह इस नोटिस की दिनांक के 30 दिन के भीतर अपनी आपत्ति लिखित रूप में साक्ष्यों सहित कार्यालय में प्रस्तुत कर सकता है। निर्धारित समयसीमा तक कोई आपत्ति प्राप्त न होने की स्थिति में आवेदक का नाम सूची में प्रविष्ट कर दिया जायेगा एवं किसी अपत्ति पर विचार नही किया जायेगा।

राजस्व-निरीक्षक
नगर पालिका परिषद, बिलारी
(मुरादाबाद)

कार्यालय नगर पालिका परिषद, बिलारी (मुरादाबाद)

नोटिस :

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मौहल्ला बाजार वार्ड संख्या-06 तहसील, बिलारी स्थित भवन संख्या-17 जो गृहकर अभिलेखों में श्रीमती कौसर जहाँ पत्नी श्री नासिर अली निवासी मौहल्ला ग्राम सिहारी मालाकस्बा व तहसील बिलारी के नाम दर्ज है पर श्रीमती नसरीन बेगम पत्नी श्री अली मौहम्मद निवासी मौहल्ला बाजार कस्बा व तहसील बिलारी जिला मुरादाबाद के द्वारा उक्त भवन के रकबई 63.00 वर्गमीटर पर गृहकर अभिलेखों में अपना नाम दर्ज कराने हेतु इस कार्यालय में एक प्रार्थना पत्र दिनांक-19/08/2026 को प्रेषित किया गया है। जिसके साक्ष्य में इनके द्वारा प्रार्थना पत्र के विक्रय पत्र (बैनामें) की छायाप्रति संलग्न कर प्रेषित की गयी है।

क्र म सं0	भवन संख्या	मोहल्ला	वर्तमान में दर्ज नाम	नाम परिवर्तन की दशा में गृहकर का प्रकार
1	17	बाजार	श्रीमती कौसर जहाँ पत्नी श्री नासिर अली	श्रीमती नसरीन बेगम पत्नी श्री अली मौहम्मद

उक्त के सम्बन्ध में यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वह इस नोटिस की दिनांक के 30 दिन के भीतर अपनी आपत्ति लिखित रूप में साक्ष्यों सहित कार्यालय में प्रस्तुत कर सकता है। निर्धारित समयसीमा तक कोई आपत्ति प्राप्त न होने की स्थिति में आवेदक का नाम गृहकर अभिलेखों में दर्ज कर दिया जायेगा। दर्ज करने उपरान्त किसी भी आपत्ति पर विचार नहीं किया जायेगा।

राजस्व-निरीक्षक
नगर पालिका परिषद बिलारी (मुरादाबाद)

तहसील दिवस में एसडीएम ने निपटा सात शिकायतें

बिलारी क्यूँ न लिखूँ सच । तहसील में लगे संपूर्ण समाधान दिवस में एसडीएम प्रिंस वर्मा ने 53 में से सात शिकायतों का मौके पर निस्तारण कर बाकी के समाधान को निर्देशित किया। राजस्व की राजस्व संबंधी 21,विकास विभाग की 6,आपूर्ति की बारह, पुलिस संबंधी चार, बिजली की तीन एवं सात अन्य शिकायतें दर्ज हुईं।

स्वास्थ्य विभाग ने शिविर लगाया, जिसमें डॉ सीमा जिलानी, जयंती मेहता ने सहयोग किया।

तहसीलदार धीरेश कुमार सिंह, नायब तहसीलदार रोहित वर्मा, नायब तहसीलदार कुंदरकी अभिनव सिंह, नायब तहसीलदार स्योड़ारा मानसी बेसोया के अलावा सभी विभाग के अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

संक्षिप्त समाचार

दावत समारोह में हाथापाई, बुजुर्ग के गले से सोने की चेन छीनी

क्यूँ न लिखूँ सच / फतेहगंज पश्चिमी।शुक्रवार शाम को दावत समारोह के दौरान हाथापाई के दौरान एक बुजुर्ग घायल हो गए।आरोप है हाथापाई के दौरान आरोपी उनके गले से चैन छीनकर भाग गया।पीड़ित की तहरीर पर पुलिस जांच पड़ताल कर रही है। कस्बा के मोहल्ला साहूकारा निवासी प्रवन पांडेय ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उनके पिता सुदेश चन्द्र पाण्डेय एक परिचित के यहां आयोजित दावत में शामिल होने गए थे। आरोप है कि वहां मौजूद थाना और कस्बा शाही निवासी रामनिवास नामक व्यक्ति ने बिना किसी बात के उनके पिता के साथ अभद्रता शुरू कर दी। विरोध करने पर हाथापाई करके उनको चोटिल कर दिया।आरोप है हाथापाई के दौरान आरोपी ने सुदेश चंद्र पांडे के गले में पड़ी सोने की चेन खींचकर छीन ली और मौके से फरार हो गया। घटना के बाद वहां मौजूद लोगों में अफरा-तफरी मच गई। पीड़ित पक्ष का कहना है कि उनके पिता हाई ब्लड प्रेशर और शुगर के मरीज हैं तथा घटना के बाद उनकी तबीयत भी बिगड़ गई। पीड़ित परिवार ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर चेन बरामद कराने और कड़ी कानूनी कार्रवाई की मांग की है।थाना प्रभारी निरीक्षक प्रवीन कुमार ने बताया मामले की जांच की जा रही है।रिपोर्ट दर्ज कर कानूनी कार्यवाही की जाएगी।

रेलवे ट्रैक पुल के पास शंखा नदी से पुलिस ने बरामद किया सड़ा-गला शव

क्यूँ न लिखूँ सच / फतेहगंज पश्चिमी।शनिवार को रेलवे ट्रैक पुल के पास से एक अज्ञात व्यक्ति का सड़ा-गला शव मिलने से हड़कंप मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।आसपास के लोगों को दिखाकर काफी प्रयास करने पर भी शब की शिनाख्त नहीं हो सकी। थाना प्रभारी प्रवीण कुमार ने बताया शनिवार को गांव रुकुमपुर के जंगल में मौजूद रेलवे ट्रैक पुल के पास शंखा नदी में शब उतराने की ग्रामीणों ने सूचना दी।सूचना पर भरोसा करके पुलिस टीम ने शब को पानी से निकाल लिया। बताया शव करीब 20 से 25 दिन पुराना है और गल चुका है। मृतक की अनुमानित उम्र लगभग 40 वर्ष है।युवक ने लाल चेकदार शर्ट और काली पैंट पहन रखी थी। पुलिस ने पानी में बहकर आने या किसी ट्रेन से गिरने की आशंका व्यक्त की है।काफी प्रयास के बाद शिनाख्त नहीं हो सकी है।शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।

मिनी मेट्रो पलटकर दूसरे टेंपो से टकराई, कई लोग घायल

क्यूँ न लिखूँ सच / फतेहगंज पश्चिमी। शाही रोड पर कुरतरा भट्टे के सामने शनिवार को शाम 5 बजे तेज रफ्तार मिनी मेट्रो टेंपो अनियंत्रित होकर पलट गया। पलटने के बाद टेंपो सामने से आ रहे दूसरे मिनी मेट्रो टेंपो से टकरा गया। हादसे में दोनों टेंपो में सवार कई लोग घायल हो गए। हादसे में कस्बे के वार्ड नंबर सात कादरी मस्जिद के पास रहने वाली शबनम (48) पत्नी इरफान भी घायल हो गईं। वह अपने रिश्तेदारी में अगरास गई थीं और वहां से मिनी मेट्रो से फतेहगंज पश्चिमी लौट रही थीं। वहीं पलटे हुए टेंपो के चालक की हालत गंभीर बताई जा रही है। हादसे में कई अन्य लोग भी घायल हुए हैं, हादसे की सूचना मिलते ही थाना प्रभारी प्रवीण कुमार और चौकी प्रभारी आदेश सिंह पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंच गए। पुलिस ने घायलों को तुरंत अस्पताल पहुंचाया और उनके परिजनों को घटना की जानकारी दी। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

बसीट नाले में पानी बढ़ने से कई रास्तों पर जलभराव, बच्चे स्कूल जाने से वंचित

क्यूँ न लिखूँ सच / फतेहगंज पश्चिमी। बसीट नाले में पानी बढ़ने से माली की नई बस्ती और नौगवां के पास जलभराव हो गया है। रेड रोजेज स्कूल जाने वाले रास्ते पर पानी भरने से बच्चे स्कूल नहीं जा पा रहे हैं। इससे उनकी पढ़ाई प्रभावित हो रही है। वहीं, उनासी चौराहे से कस्बे में आने वाले रास्ते पर भी पानी बह रहा है, जिससे राहगीरों को परेशानी हो रही है। स्थानीय लोगों की सूचना पर एसडीएम मीरगंज निधि शुक्ला, ईओ पुष्पेंद्र सिंह राठौर और लेखपाल आदित्य गंगवार मौके पर पहुंचे। अधिकारियों ने स्थिति का जायजा लिया और प्रभावित परिवारों को खाद्य सामग्री वितरित की। एसडीएम निधि शुक्ला ने बताया कि मौके पर रह रहे तीन परिवारों को सुरक्षा के लिहाज से नगर पंचायत के रैन बसेरे में जाने को कहा गया है। पानी कम होने पर उन्हें वापस भेज दिया जाएगा। शनिवार शाम तक जलस्तर घटने की संभावना है। उन्होंने बताया कि बसीट नाले से पानी की निकासी सुचारू रूप से हो रही है। ऊपर से पानी कहां से आ रहा है, इसकी जानकारी की जा रही है। समस्या के समाधान के लिए जल्द कार्रवाई की जाएगी।

बेटी की मौत मामले में पिता ने पुलिस की कार्यप्रणाली पर उठाए सवाल, उच्च अधिकारियों से शिकायत की बात

सुसाइड नोट मिलने के बाद से आरोपी ताऊ ताई फरार गिरफ्तारी पर उठे सवाल

मृतका की फाइल फोटो



ताऊ लक्ष्मीकांत शर्मा और ताई राजेश्री देवी

क्यूँ न लिखूँ सच / शाहजहांपुर। चौक कोतवाली क्षेत्र के हुसैनपुरा निवासी शशिकांत शर्मा ने अपनी बेटी यशी उर्फ नाव्या की मौत के मामले में पुलिस की कार्यप्रणाली पर भी सवाल उठाए हैं। एफआईआर में शशिकांत शर्मा ने आरोप लगाया है कि उनकी बेटी पर ताऊ लक्ष्मीकांत शर्मा और ताई राजेश्री देवी ने मोबाइल चोरी का आरोप लगाकर उसे मानसिक रूप से प्रताड़ित किया था। एफआईआर के मुताबिक, 24 सितंबर को यशी ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली थी। मामले में पुलिस ने ताऊ-ताई के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। शशिकांत शर्मा का कहना है कि बेटी के सुसाइड नोट में ताई राजेश्री देवी का नाम स्पष्ट रूप से दर्ज होने के बावजूद आरोपी फरार क्यों हैं, इसको लेकर वह पुलिस अधिकारियों से सवाल करेंगे। उनका आरोप है कि एक आरोपी को पुलिस द्वारा पकड़े जाने के बाद छोड़ दिए जाने की भी जानकारी उन्हें मिली है। उन्होंने कहा कि इस पूरे मामले को लेकर वह एसपी सिटी, एसपी और एडीजी स्तर के अधिकारियों से शिकायत करेंगे। पिता ने एफआईआर में लगाई गई धाराओं को लेकर भी आपत्ति जताई है। उनका आरोप है कि घटना की परिस्थितियों और बेटी द्वारा छोड़े गए सुसाइड नोट के आधार पर मामले में उचित धाराएं नहीं लगाई गई हैं। इसे लेकर भी उन्होंने उच्च अधिकारियों से शिकायत करने की बात कही है।शशिकांत ने कहा कि यदि उन्हें अधिकारियों के स्तर से न्याय नहीं मिला तो वह मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के समक्ष अपनी शिकायत रखेंगे। वहीं पुलिस की ओर से पहले कहा गया है कि मामले में दर्ज रिपोर्ट के आधार पर विवेचना की जा रही है और तथ्यों व साक्ष्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

लाभांश बढ़ोतरी पर कोटेदारों ने जताया मुख्यमंत्री का आभार

क्यूँ न लिखूँ सच / अमरिया। विकासखंड अमरिया में शनिवार को सेवा सेतु अभियान के तहत कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में उचित दर विक्रेताओं ने लाभांश बढ़ोतरी का निर्णय लिए जाने पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के प्रति आभार जताया। कोटेदारों ने ब्लॉक प्रशासक एवं पूर्ति निरीक्षक अमरिया को मुख्यमंत्री के नाम धन्यवाद ज्ञापन सौंपा। कोटेदारों ने कहा कि वह लंबे समय से लाभांश बढ़ोतरी समेत विभिन्न समस्याओं के समाधान की मांग कर रहे थे। लाभांश बढ़ाए जाने के निर्णय से उचित दर विक्रेताओं को आर्थिक राहत मिलने की उम्मीद है। उन्होंने सरकार के निर्णय को उचित दर विक्रेताओं के हित में महत्वपूर्ण बताया। कार्यक्रम के दौरान राशन कार्ड धारकों को नवीन राशन कार्ड भी वितरित किए गए। नवीन राशन कार्ड मिलने पर लाभार्थियों ने खुशी जताई। अधिकारियों ने कहा कि शासन की योजनाओं और जनकल्याणकारी सुविधाओं का लाभ पात्र लोगों तक पहुंचाने के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। ब्लॉक प्रमुख श्याम सिंह ने कहा कि उचित दर विक्रेता सार्वजनिक वितरण प्रणाली की महत्वपूर्ण कड़ी हैं। उनके माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों में पात्र परिवारों तक खाद्यान्न पहुंचाया जाता है। लाभांश बढ़ोतरी से राशन विक्रेताओं को राहत मिलेगी और वितरण व्यवस्था को बेहतर बनाने में मदद मिलेगी। इस दौरान सरकारी योजनाओं की जानकारी देने के साथ पात्र लाभार्थियों को सुविधाओं का लाभ दिलाने और जनसमस्याओं के समाधान पर भी चर्चा की गई। कार्यक्रम में अधिकारी, उचित दर विक्रेता और राशन कार्ड धारक मौजूद रहे।

संक्षिप्त समाचार

थाना सिविल लाइन पुलिस नें एक अभियुक्त को भेजा जेल

क्यूँ न लिखूँ सच / जनपद बदायूँ में एससपी के निर्देशानुसार जनपद मे चलाये जा रहे अपराध एव अपराधियो के विरुद्ध व अवैध शस्त्र मे अभियुक्तो की गिरफ्तारी अभियान के अन्तर्गत आज थाना सिविल लाइन पुलिस द्वारा 01 नफर अभियुक्त अमित रस्तोगी पुत्र जयदेव रस्तोगी निवासी राजेश्री होमगार्ड का मकान गली नं0 10 मौ0 नेकपुर थाना सिविल लाइन जनपद बदायूँ को एक अदद नाजायज देशी तमंचा 12 बोर व एक जिन्दा कारतूस 12 बोर के साथ गिरफ्तार किया गया । जिसके सम्बन्ध में थाना सिविल लाइन पर मु0अ0सं0 353/2026 धारा 3/25(1-ख) आर्म्स एक्ट पंजीकृत कर अभियुक्त उपरोक्त को माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया गया ।

जिला कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक ने दो-पहिया चालकों को स्वयं हेलमेट पहनाकर किया जागरूक

क्यूँ न लिखूँ सच / हाकम सिंह रघुवंशी/ विदिशा /विदिशा पुलिस द्वारा सड़क दुर्घटनाओं में कमी एवं सुरक्षित यातायात को बढ़ावा देने के उद्देश्य से 28 सितंबर से 08 अक्टूबर 2026 तक 10 दिवसीय हेलमेट एवं सीट बेल्ट जागरूकता एवं प्रवर्तन अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में नीमताल, विदिशा में जिला कलेक्टर विदिशा श्री अंशुल गुप्ता एवं पुलिस अधीक्षक विदिशा श्री रोहित काशवानी की उपस्थिति में हेलमेट एवं सीटबेल्ट जागरूकता तथा चेकिंग अभियान आयोजित किया गया।अभियान के दौरान जिला कलेक्टर श्री अंशुल गुप्ता एवं पुलिस अधीक्षक श्री रोहित काशवानी द्वारा दो-पहिया वाहन चालकों को स्वयं हेलमेट पहनाकर सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक किया गया। साथ ही मौके पर उपस्थित मीडियाकर्मियों को भी हेलमेट पहनाकर हेलमेट के नियमित उपयोग एवं यातायात नियमों के पालन का संदेश दिया गया।अभियान के तहत 100 से अधिक हेलमेट वितरित किए गए। चेकिंग के दौरान यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए 25 चालान बनाए गए। पुलिस द्वारा वाहन चालकों को समझाइश देते हुए हेलमेट एवं सीटबेल्ट के नियमित उपयोग करने तथा सुरक्षित यातायात के लिए निर्धारित नियमों का पालन करने की अपील की गई। यह अभियान सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत 28 सितंबर 2026 से 08 अक्टूबर 2026 तक जिले में चलाया जा रहा है। अभियान का उद्देश्य आमजन को यातायात नियमों के प्रति जागरूक कर सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाना एवं सुरक्षित यातायात व्यवस्था को बढ़ावा देना है। इस दौरान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्रीमती मोनिका तिवारी, नगर पुलिस अधीक्षक श्री अतुल सिंह, थाना कोतवाली प्रभारी निरीक्षक आनंद राज, थाना यातायात प्रभारी आशीष राय, सूबेदार मेघा शर्मा सहित पुलिस अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

सेवा संकल्प अभियान के तहत पिछड़ा वर्ग पोस्ट मैट्रिक कन्या छात्रावास में हुआ वृक्षारोपण

क्यूँ न लिखूँ सच / हाकम सिंह रघुवंशी/ छात्राओं ने पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण और पौधों की नियमित देखभाल का लिया संकल्प सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत विवेकानंद चौराहा स्थित पिछड़ा वर्ग पोस्ट मैट्रिक कन्या छात्रावास, विदिशा में पर्यावरण संरक्षण एवं हरियाली संवर्धन के उद्देश्य से वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में छात्रावास की छात्राओं एवं अधीक्षिका श्रीमती नीलू नरवरिया ने उत्साहपूर्वक सहभागिता करते हुए विभिन्न पौधों का रोपण किया।

दैनिक अखबार क्यूँ न लिखूँ सच को जिला एवं तहसील स्तर पर ब्योरो संवाददाता व विज्ञापन प्रतिनिधि चाहिए
9027776991
knlslive@gmail.com

सफलता तेरे कदम चूमेगी, आज नहीं तो कल: सदर विधायक महेश चन्द्र गुप्ता

क्यूँ न लिखूँ सच / जनपद बदायूं में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को लोक भवन सभागार में आयोजित कार्यक्रम में प्रदेश के 4.60 लाख छात्र-छात्राओं के बैंक खातों में एक क्लिक से छात्रवृत्ति की धनराशि हस्तांतरित की। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार का संकल्प है कि धन के अभाव में किसी भी विद्यार्थी की पढ़ाई बाधित न हो और कोई पात्र छात्र छात्रवृत्ति से वंचित न रहे। छात्रवृत्ति अब सीधे विद्यार्थियों के खातों में डीबीटी के माध्यम से भेजी जा रही है। शनिवार को कलेक्ट्रेट स्थित अटल बिहारी बाजपेयी सभागार में लखनऊ में आयोजित कार्यक्रम का सजीव प्रसारण दिखाया गया। इसी क्रम में यहां आयोजित कार्यक्रम के मुख्य अथिति सदर विधायक महेश चन्द्र गुप्ता ने मुख्य विकास अधिकारी गामिनी सिंगला के साथ समाज कल्याण विभाग/ पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग/ अल्पसंख्यक कल्याण विभाग द्वारा संचालित छात्रवृत्ति एवं शुल्क प्रतिपूर्ति योजनान्तर्गत छात्रवृत्ति के स्वीकृति पत्र 200 छात्र-छात्राओं को प्रतीकात्मक रूप से वितरित किए। वहीं कक्षा 09 व 10 के प्रत्येक छात्र-छात्राओं को 1212 रुपए तथा कक्षा 10 व 11 के प्रत्येक छात्र-छात्राओं को 3030 सहित जनपद में कुल 3538 छात्र-छात्राओं को छात्रवृत्ति एवं शुल्क प्रतिपूर्ति भेजी गई है। इसके अलावा पिछड़ा वर्ग के 10 लाभार्थियों को मुख्यमंत्री शादी अनुदान योजना अन्तर्गत स्वीकृति पत्र भी वितरित किए गए।कार्यक्रम में सदर विधायक महेश चन्द्र गुप्ता ने कहा कि जो हम बोलते हैं, वह इस ब्रह्मांड में गूंजता है। सर्वे में रिपोर्ट है कि देश तरक्की कर रहा है और हमारा भारत विश्वगुरु बनने वाला है। हमारी सरकार बिना भेदभाव, बिना जात-पात के कार्य कर रही है। हर चेहरे पर खुशहाली होगी तथा मोदी जी और योगी जी इच्छाएं पूरी होंगी। अच्छा सोचो अच्छा होगा आज नहीं तो कल होगा। इसलिए कम से कम अपना अच्छा तो जरूर सोचो। उन्होंने विद्यार्थियों में ऊर्जा भरते हुए कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में लक्ष्य बनाकर मेहनत के साथ आगे बढ़िए, कामयाबी जरूरी मिलेगी उन्होंने कहा कि लक्ष्य न ओझल होने पाए, कदम मिलाकर चल। सफलता तेरे कदम चूमेगी, आज नहीं तो कल।कार्यक्रम समाप्ति से पूर्व नशा मुक्ति की शपथ भी दिलाई गई तथा राष्ट्रगान भी हुआ। कार्यक्रम में समाज कल्याण अधिकारी मीनाक्षी वर्मा, महाराज सिंह, संतोष कुमार सहित अधिकारी, कर्मचारी तथा बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

फरियादी को न्याय दिलाना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता

क्यूँ न लिखूँ सच / बदायूं जिलाधिकारी अवनीश राय ने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अंकिता शर्मा के व समस्त विभागीय अधिकारियों के साथ आमजन की शिकायतों को गंभीरता से सुना तथा संबंधित विभागीय अधिकारियों को शिकायतों का समयबद्ध, निष्पक्ष एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। डीएम ने स्पष्ट किया कि शासन की मंशा के अनुरूप प्रत्येक फरियादी को न्याय दिलाना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है तथा किसी भी स्तर पर लापरवाही अथवा अनावश्यक विलंब स्वीकार नहीं किया जाएगा। तहसील बिल्सी में शनिवार को आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में जोगेंद्र पुत्र नौबत निवासी ग्राम खौसारा ने अपनी शिकायत में कहा है कि खौसारा स्थित गाटा संख्या 57 में सरकारी चकमार्ग पर दबंगों द्वारा अवैध कब्जा कर लिया गया है। डीएम ने राजस्व निरीक्षक और लेखपाल को निर्देश दिए हैं कि चकमार्क की पैमाइश कर उसका सीमांकन कराएं और कब्जा हटवाएं। विकास कुमार निवासी ग्राम करियामई ने शिकायत की है कि विद्युत विभाग द्वारा मनमाने तरीके से विद्युत बिल अत्यधिक धनराशि का बनाकर भेजा जा रहा है इसके बारे में कई बार पहले भी शिकायत कर चुके हैं लेकिन कोई समाधान नहीं हो सका है। डीएम में एसडीओ नियमानुसार कार्रवाई कर करने के निर्देश दिए हैं। ग्राम खेरवारा निवासी हरि सिंह ने चकमार्ग पर दबंगों द्वारा कब्जा कर लेने की शिकायत की है। डीएम ने राजस्व निरीक्षक को चकमार्ग खुलवाने के निर्देश दिए हैं।

जिलाधिकारी ने कहा कि सम्पूर्ण समाधान दिवस शासन की महत्वपूर्ण व्यवस्था है, जिसके माध्यम से आमजन की समस्याओं का त्वरित एवं प्रभावी समाधान कराया जाता है। सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि प्राप्त शिकायतें का निर्धारित समयसीमा में स्थलीय सत्यापन कर गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करते हुए अनुपालन आख्या उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। समाधान दिवस के दौरान राजस्व से सम्बंधित 45, पुलिस 12, समाज कल्याण विभाग 02 तथा नगर पालिका से सम्बंधित 04 सहित कुल 63 शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनमें 03 शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण कराया गया तथा शेष प्रकरणों के लिए संबंधित अधिकारियों को समयबद्ध कार्रवाई के निर्देश दिए गए। जिलाधिकारी ने भूमि विवाद से सम्बंधित मामलों में राजस्व एवं पुलिस विभाग की संयुक्त टीम गठित कर मौके पर जाकर निष्पक्ष जांच एवं आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।इस अवसर पर एसडीएम बिल्सी गौरव आर्य, तहसीलदार बिल्सी सहित अन्य सम्बंधित विभागीय अधिकारी मौजूद रहे।

सेवा संकल्प अभियान योग सत्र एवं योग गुरुओं का सम्मान समारोह संपन्न

क्यूँ न लिखूँ सच / हाकम सिंह रघुवंशी/ विदिशा /विदिशा। यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के सार्वजनिक जीवन में जनसेवा के सफल एवं प्रेरणादायी 25 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में भारतीय जनता पार्टी जिला विदिशा द्वारा सेवा संकल्प अभियान की श्रृंखला के अंतर्गत आज स्थानीय माधव उद्यान में योग सत्र एवं योग गुरुओं के सम्मान समारोह का भव्य आयोजन किया गया। विधायक श्री मुकेश टंडन ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी ने योग को वैश्विक मंच पर स्थापित कर संपूर्ण विश्व को भारतीय संस्कृति से जोड़ने का ऐतिहासिक कार्य किया है। सेवा संकल्प अभियान के तहत आयोजित इस योग शिविर का मुख्य उद्देश्य आमजन में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाना और योग गुरुओं के अतुलनीय योगदान का आदर करना है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए योग गुरुओं ने कहा कि योग हमारी प्राचीन भारतीय संस्कृति और ऋषियों की अमूल्य धरोहर है। यह न केवल शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य को सुदृढ़ बनाता है, बल्कि शरीर, मन और आत्मा के संतुलन का मार्ग प्रशस्त करता है। जिला मीडिया प्रभारी डा. राहुल जैन ने बताया कार्यक्रम में बड़ी संख्या में नागरिकों एवं पार्टी कार्यकर्ताओं ने सहभागिता कर सामूहिक योगाभ्यास किया और स्वस्थ, समृद्ध एवं निरोगी जीवन का संदेश दिया। इस अवसर पर समाज को स्वास्थ्य, आरोग्य और सकारात्मकता की दिशा में निरंतर प्रेरित करने वाले क्षेत्र के समर्पित योग गुरुओं का सम्मान किया गया। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान और समाज सेवा के संकल्प के साथ हुआ। अवसर पर भाजपा के श्री पंकज पांडे ,श्री मुकेश चौकसे,श्री सुरेंद्र चौहान,श्री प्रशांत खत्री,श्री राकेश शर्मा,श्री क्षत्रपाल शर्मा ,श्री पासी,कवि सुमित सिंह वरिष्ठ पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि, योग साधक एवं बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित रहे।

सम्पूर्ण समाधान दिवस में 57 शिकायतें पहुंचीं, 7 का मौके पर निस्तारण

क्यूँ न लिखूँ सच / ठाकुरद्वारा। तहसील सभागार में शनिवार को उपजिलाधिकारी की अध्यक्षता में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। समाधान दिवस में तहसील क्षेत्र के विभिन्न गांवों और नगर से पहुंचे फरियादियों ने अपनी समस्याएं को अधिकारियों के समक्ष रखा। कार्यक्रम के दौरान कुल 57 शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनमें से 7 शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया। शेष शिकायतों को संबंधित विभागों के अधिकारियों को सौंपते हुए निर्धारित समय सीमा में गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के निर्देश दिए गए।उपजिलाधिकारी ने अधिकारियों से कहा कि शिकायतों के निस्तारण में किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए। फरियादियों की समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए मौके पर जाकर जांच करने और नियमानुसार कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। सम्पूर्ण समाधान दिवस में राजस्व, पुलिस, विकास, विद्युत, नगर निकाय सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे। अधिकारियों ने फरियादियों की शिकायतें सुनकर उनके समाधान का भरोसा दिलाया।

Don't rub your sofa immediately after spilling tea!

Try these easy and effective hacks to prevent stains.

There are several easy and effective methods you can try to prevent and remove tea or coffee stains from your sofa. Sofas enhance the beauty of a living room, but sometimes, when tea is spilled on the sofa in a hurry, we're left at a loss. We simply react or try to scrub it with a cloth, but by then, the stains have ruined the sofa's appearance. Then, we search for ways to clean the sofa, using expensive cleaners. However, there are many other ways to prevent stains on your sofa. Salt: If you spill tea or coffee on your sofa immediately, try the salt remedy. Salt has excellent absorbency, so immediately applying salt to the tea or coffee stain can help prevent stains. After a while, wipe the area with a damp cloth soaked in detergent and leave it to dry. Tissue Paper - To absorb tea and coffee stains instantly, take 3-4 tissue papers and place them on the affected area. Then, press them gently so that all the liquid soaks into the tissue paper. This method will prevent the stain from becoming deeply embedded. Mild Liquid Detergent - To prevent stains on your sofa, first warm the water slightly. Mix a mild liquid detergent in it. Now, take a cotton cloth, moisten it in the mixture, and gently apply it to the stained area. Be careful not to over-wet the cloth and apply it anywhere else except the stained area. Hydrogen Peroxide - If your sofa already has an old stain, hydrogen peroxide can be used to remove it. To try this remedy, apply 2 drops of a 3% hydrogen peroxide solution to the stained area. After letting it sit for 10-15 minutes, pat the area dry with a cloth dampened in cold water. Before trying this, keep in mind that this solution can lighten the color of the fabric, so it's important to do a patch test first. Also, this method will only work on white or light-colored synthetic sofas.

When men wear Ghagra-Choli and then dance to typical Bhojpuri songs, this is how the 'Natuwa Naach' is performed in Purvanchal.

Natuwa Naach holds a special identity in Purvanchal's culture, but few people know about it. The Purvanchal region of Uttar Pradesh reflects the culture of Bihar. But amidst all this,

Purvanchal also has its own unique culture, a part of which is the Natuwa Naach. Whenever there is an auspicious occasion in eastern Uttar Pradesh, be it a wedding or a festival, the Natuwa Naach adds to the excitement. Let us tell you the story of this unique folk dance of Purvanchal, which very few people know about. Natuwa Naach is a special identity of the folk tradition. Natuwa Naach is a special folk dance of the Bhojpuri-speaking region. It can be seen in Bihar as well as the eastern parts of Uttar Pradesh, especially Sonbhadra. Its most distinctive feature is that male dancers wear women's clothing, such as Ghagra, Choli, Sari, and blouse, and dance in full female attire. This dance has kept the Bhojpuri dance culture alive even today. Performances are shown with energy and agility - The dancers also perform acrobatic feats, such as sudden leaps into the air, rapid spins on the ground, and pyramid formations. All of these feats are performed with great agility and energy. Their skillful balance is also a sight to behold. A unique blend of dance and drama - This cannot be called a dance form alone, as the performers will be seen dancing and telling a complete story through facial expressions and body postures. Sometimes these stories are mythological, and sometimes they reflect the sweet and sour aspects of village life. During the dance, men wear Ghagra and Choli, and as the dance transforms into drama, the men's attire also changes to sarees and blouses. The Bhojpuri songs sung during this time are mesmerizing. The dance is performed to the beats of the Mridang and the rhythm of the Kasawar - The real soul of the Natuwa dance are the musical instruments Mridang and Kasawar. While the beats of the Mridang form the base of the dance, the sharp and resonant rhythm of the Kasawar fills the atmosphere with enthusiasm. Whereas during the drama, Dholak is used in place of the Mridang and Sarangi in place of the Kasawar. Apart from this, folk instruments like Chhad, Jodi and Kasanhati (Ghanti) are also used.

These rivers flow underground, not above ground! From the darkness of caves to the sea, these places around the world are amazing.

Underground rivers are a wonderful combination of mystery, adventure, and natural beauty. Underground rivers have always been an amazing combination of mystery, adventure, and

natural beauty. Flowing through caves, cliffs, and dark tunnels, these rivers offer an experience no less than something straight out of an adventure film. Remarkably, some of these rivers are so unique that they flow directly into the sea. If you're a travel and adventure enthusiast, be sure to add these underground rivers to your bucket list. Puerto Princesa Underground River (Philippines) is one of the world's most famous underground rivers and a UNESCO World Heritage Site. Its most remarkable feature is that it flows directly into the sea. Boat rides here offer a glimpse of the amazing structures within the caves. Rio Secreto (Mexico): Famous for its crystal-clear waters and beautiful cliffs, this river flows through caves. Walking and swimming offer a unique experience. Labouiche River (France): One of Europe's longest navigable underground rivers, boat tours offer a close-up view of the impressive cave formations. Punkava River (Czech Republic): This river passes through beautiful caves and deep gorges. A boat tour is truly thrilling and memorable. Waitomo Glowworm Caves (New Zealand): Thousands of glowworms glow above the underground river, creating a night-sky-like view. Boating is a magical sight. Lost River Cave (United States): It is considered the only underground river in the United States with a boat tour. The tranquil atmosphere and mysterious caves attract tourists. Son Doong River (Vietnam) – One of the world's largest caves, the Son Doong River offers a truly thrilling river experience. Its vast natural landscape and jungle-like atmosphere offer an amazing experience. Santa Fe River (United States of America – Florida) – This river disappears underground in parts and then resurfaces. Its unique shape makes it special.

"Shri Ram as Rajinikanth..." Mukesh Khanna lashed out at the action scenes in the Ramayana, also expressing his opinion on the modern angle.

Mukesh Khanna has criticized the action scenes in Nitesh Tiwari's film "Ramayana" and for portraying Ram as an action superstar instead of a "Maryada Purushottam." The trailer for Nitesh Tiwari's film "Ramayana" was released on July 30, 2026, at 4:15 am during the Brahma Muhurta (the auspicious time). Since then, it has received mixed reactions on social media. Senior actor Mukesh Khanna criticized the film for modernizing the action scenes and adding excessive special effects. "It's wrong to portray Ram as a superstar," Mukesh Khanna reiterated his views on the matter in a recent interview. Khanna stated that Nitesh Tiwari and his team have stripped Lord Ram of his "Maryada Purushottam" dignity and portrayed him as a man of action, a well-known action superstar. He also said that special effects alone don't make a film great, as Ram holds emotional significance in Indian tradition. Speaking to Bollywood Now, he said, "Shri Ram has been made a great hero. Shri Ram was a great hero. He is a form of God, an incarnation. Krishna was also an incarnation of God. But the way the fight scenes have been depicted, with Shri Ram flying from a tree and shooting arrows, I've never seen this before." Mukesh Khanna has read so much of the Ramayana and seen Ramlila. They've made Shri Ram into Salman Khan, Amitabh Bachchan, and Rajinikanth. Ram is Maryada Purushottam. Ram didn't fight like this; they've made him a man of action. They've made him Clint Eastwood." He also spoke about the heavy and special effects used in the film. Mukesh Khanna said, "I've heard they're planning to release it globally. People outside don't care about Ram's image. They'll compare it to Star Wars. But if you're showing Ram in India, show it with faith. When will the movie release?" In addition to Ranbir Kapoor, Sai Pallavi, Ravi Dubey, and Yash also play pivotal roles in the film. The film will be released in two parts. The first part will be released worldwide before Diwali in October 2026, while the second part will be released on Diwali 2027.

"People know two or three stories from Kashmir..." Manav Kaul expressed happiness over the Emmy nomination; was saddened by the question about Tribhuvan Mishra 2.

Manav Kaul expressed happiness over the Emmy Awards nomination for the web series "Real Kashmir Football Club." He discussed the global reach of Indian content, the untold stories of Kashmir, and the second season of "Tribhuvan Mishra CA Topper." "Real Kashmir Football Club" nominated for the Emmy Awards - Manav Kaul is very happy with the global recognition of Indian content. He discusses the untold stories of Kashmir and "Tribhuvan Mishra 2." The web series "Real Kashmir Football Club," released last year, has been nominated in the Best International Drama Series category at this year's Emmy Awards, considered the most prestigious in the world of television. Actor Manav Kaul plays Shirish Khemu in the series, based on a real-life football club from Kashmir. Manav, who is also active in writing and directing, discusses his show, cinema, and upcoming projects. How big an achievement does he consider being nominated for an Emmy? When an Indian show receives such widespread recognition and recognition internationally, it boosts the confidence of new filmmakers. Producers and directors who want to create new and unique content gain immense encouragement. Thousands of shows from around the world are submitted for the Emmy Awards, and only four are selected and nominated, which is a significant achievement in itself. What do you think is the reason for the growing reach of Indian web series and films on international platforms?

In the last few years, people around the world have significantly increased access to global content. Now, every show and film from around the world is presented to audiences. Our documentaries have often been internationally acclaimed, but our fictional projects were not as good. Now, the reach of our fictional projects on the global stage is also increasing significantly, which is a very positive change. Furthermore, new filmmakers are now seeing content from around the world, and they too strive to create at the same level. Kashmir has been your ancestral home. What other stories from that region would you like to portray in cinema? Many books have been written on Kashmir, and there are countless stories there. All kinds of stories related to Kashmir should be told. We often end up telling the same stories about Kashmir. However, I believe Kashmir has many untold stories. Each person wants to see Kashmir, and the kind of story they want to tell, has a different story to tell. Along with acting, I also write and direct. Did anyone ever dominate the other on set? That's not the case. On this show, we worked together, with each other's support and suggestions. I give suggestions, but not in a way that suggests your work is bad and mine is good. On every set, the director and writer have the final say; whatever they say is done. Haven't you directed another film or web series since Tathagata? I recently directed a film. Besides that, I've been very busy writing my novel. That will be out soon. In this film, I directed and acted. Is it easy to call for cut or retake when simultaneously directing? Our chief assistant director on this film was Mansi Parekh. When I acted, she handled the directing duties and made the decisions about cuts and retakes based on the scene. When I acted, the chief assistant director became the director. Your web series, Tribhuvan Mishra CA Topper, was well-received? What's the update on its second season? This question should be asked of Netflix executives. I get so many questions about the second season of this show that I can't even imagine asking. I'm saddened that I don't have an official answer. Even the producers can't do anything about this; all decisions are in Netflix's hands. If they give us the green light, we will begin filming the second season. In this era of ever-changing cinema, what process do you have to keep yourself updated as an actor and director? I don't have such a process. I just want to live well. I don't just do one thing; there are so many other things to do in life. I don't want to work too much just as an actor; I'm happy with a little. I work for a year or two. In the meantime, I watch things that interest me. I read books that I enjoy. My other priorities are that if a good script comes my way, I do it. If not, I always do theater. Along with that, I write and travel.

'Alliance 2' will change the world of reality shows. When will the reality show begin airing?

Actor Kunal Khemu's reality show, Alliance, will soon return to OTT with Season 2. OTT release of Alliance 2 announced. Kunal Khemu's reality show is returning - will stream online on this platform. Alliance, the reality show that thoroughly entertained audiences on OTT this year, is now all set to return with its new and second season. On Wednesday, the show's makers officially announced Alliance Season 2, which has generated considerable excitement among fans. So, let's find out when and where actor Kunal Khemu's Alliance Season 2 will stream on OTT. When will Alliance Season 2 arrive? After the immense success of the first season, the makers have decided to bring Season 2 of Alliance, and for this, Alliance 2 has been officially announced on the OTT platform Amazon Prime Video India. The tweet announcing the new season of this reality show reads, "System alert: New alliances are being formed, and drama will ensue, and alliances will be broken." Thus, Prime Video has announced Kunal Kemmu's Alliance Season 2. Alliance 2 will stream online on the OTT platform Amazon Prime Video next year, starting January 14, 2027. Regarding the new season of Alliance, Nikhil Madhok, Director and Head of Originals, Prime Video India, said, "The audience response to Alliance Season 1 validated our belief that Indian viewers are ready for a more intelligent and strategic form of reality entertainment. The show not only created an audience, but also built a community of viewers who were engaged with every move, every alliance, and every change in the game. The love received for Season 1 inspired us to not keep viewers waiting for a full year. That's why we're bringing Season 2 soon." This time the stakes will be higher, the gameplay will be more strategic, there will be more drama and there will be changes in the 'System' which will challenge the 'Allies' more than ever before. Who became the winner of Alliance 1 - Alliance Season 1 was hosted by actor Kunal Kemmu. In it, 16 celebrity 'Allies' were kept inside a mysterious HQ, which was run by 'The System'. The first season of this reality show was won by Mini Mathur, wife of director Kabir Khan.